## खबर संक्षेप



### हाईवे में ट्रक चालक ने बोलेरो को मारी टक्कर

**कटनी।** बड़वारा थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। पठरा ग्राम के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-43 (NH-43) पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने बोलेरो कार को जोरदार टक्कर मार दी। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी की जान नहीं गई और कार सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं। जानकारी के अनुसार बोलेरो में छह लोग सवार थे। ये सभी यात्री दतिया जिले से छत्तीसगढ़ के जसपुर जा रहे थे। जब उनकी कार पठरा गांव के पास पहुंची, तभी उमरिया की ओर से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण और राहगीर तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए कार में फंसे यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। राहत की बात यह रही कि किसी भी यात्री को गंभीर चोट नहीं आई है। घटना को अंजाम देने के बाद ट्रक चालक मौके का फायदा उठाकर वाहन सहित फरार हो गया। पुलिस अब मामले की जांच कर रही है और फरार ट्रक चालक की तलाश जारी है।

### मांगों को लेकर कांग्रेस जनों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**बड़वारा।** बड़वारा में तहसीलदार, बड़वारा को बछौली बड़ेरा मार्ग निर्माण एवं शासकीय अस्पताल बड़वारा में BMO की स्थाई पदस्थापना खस्ताहाल व्यवस्था को लेकर ज्ञापन सौंपा गया बछौली निर्माण को लेकर 5 जनवरी को चका जाम किया जाएगा एवं अस्पताल संबंधी मांगो को लेकर 14 जनवरी से भूख हड़ताल की जाएगी ज्ञापन सूचना देते समय विकास निगम अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बड़वारा, नारायण तिवारी मंडलम अध्यक्ष बड़वारा, ओमकार सिंह जिलाध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस, शैलेश जायसवाल युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष, गुड्डु राय सड़क संघर्ष समिति अध्यक्ष बछौली , अंशुल सिंह राजपूत ब्लॉक अध्यक्ष युवा कांग्रेस , शिवचरण चौधरी (चैनी), सूरज सिंह राजपूत , निखिल राजपूत, राम अवध कचेर, नीरज चौधरी , राहुल मोगरे, शरद खटीक , नीरज कोरी उपस्थित रहे।

### मध्यरात्रि से ही सोशल मीडिया में चला शुभकामनाओं का संदेश, सुरक्षा बनाये रखने पुलिस रही सक्रिय

# 2026 : नये वर्ष को लेकर उत्साह, जश्न की तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी






नये साल की शुरूआत के लिये हर उम्र के लोगों ने अपनी खास तैयारियां कर रखी हैं। नये वर्ष को लेकर खासकर युवा वर्ग ज्यादा उत्साहित नजर आ रहा है। दार्शनिक एवं रमणीय स्थल को कोई तीर्थस्थलों की तैयारी में है। कोई पिकनिक जाने की तैयारी में है तो कोई अपने दोस्तों के साथ पार्टी का प्लान बनाया है। घरों में भी नये वर्ष पर जश्न की तैयारियां हैं। मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। नये वर्ष की पार्टी को लेकर होटलों में बुकिंग भी की जा चुकी है। बुधवार की मध्यरात्रि से ही नये वर्ष 2026 का आगाज हो गया। युवा वर्ग ने रात्रि में भी दोस्तो संग नये वर्ष का स्वागत किया। ठंडे मौसम और पुलिसिया सख्ती की वजह से ज्यादा हो-हल्ला और धमाल नहीं कर पाये। आज 1 जनवरी को नये वर्ष पर हर उम्र के लोगों ने अपने-अपने स्तर पर नववर्ष को सेलीब्रेट करने तैयारियां कर रखी हैं। कहीं भजन-कीर्तन के साथ नववर्ष उत्सव मनाया जाएगा तो कहीं पार्कों में पार्टी का प्रोग्राम बनाया गया है।

नये वर्ष के जश्न के साथ बीते वर्ष की विदाई होगी और नए वर्ष का अभिनंदन किया जाएगा। होटल व रेस्तरां में नववर्ष को लेकर खासी तैयारियां की गई हैं, खास तरह के लजीज व्यंजन बनाये गए है। घरों में भी नववर्ष को लेकर उत्साह का माहौल है। सुबह से ही लोगों ने अपने अपने हिसाब से जश्न मनाने योजना बना रखी है। नगर के धार्मिक स्थलों, पिकनिक स्पॉट व होटलों में खासी भीड़ उमड़ने की संभावना है।

#### युवा वर्ग रहा सबसे ज्यादा उत्साह

नए साल के आगमन को लेकर सबसे ज्यादा युवाओं में खासा उत्साह दिखाई दे रहा है। बीते वर्ष को विदाई देने और नये के स्वागत के लिए हर वर्ग तैयारी में जुटा है। न्यू ईयर को देखते हुए बाजारों में युवक-युवतियां की भीड़ नजर आ रही है। गिफ्ट सेंटरों सहित कपड़ा बाजार में भीड़ देखी गई। हालांकि कड़ाके की सर्दी इसमें विघ्न डाल रही है, लेकिन युवाओं में जोश है। युवा नए साल का जश्न मनाने के लिए नए-नए तरीके भी अपना रहे हैं।

#### सोशल मीडिया में शुभकामनाएं

बुधवार की रात्रि 12 बजे के साथ ही नए साल के आगमन के साथ सोशल मीडिया में बधाई संदेशों का सिलसिला शुरू हो गया। सुबह से बाजार में गिफ्ट, मिठाईयां, कपड़े व अन्य प्रकार के उत्पाद खरीदने की भीड़ रहेगी। दुकानों युवाओं द्वारा अपने-अपने अंदाज में 2025 को अलविदा कहा। नव वर्ष पर मंदिरों, गुरुद्वारे में भी प्रार्थना की जाएगी। भजन-कीर्तन के साथ नववर्ष का स्वागत करेंगे।

#### पुलिस रही सक्रिय, हुई चेकिंग

नववर्ष की पूर्व संध्या पर शराबखोरी, हुल्लड़बाजी रोकने तथा सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए जिल भर में जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा। नये वर्ष के जश्न में होटलों, ढाबों में होने वाली पार्टियों पर एहतियातन जांच की गई। नव वर्ष पर धमाल मचाने वालों पर कार्यवाही का सामना करना पड़ सकता है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर शहर में सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने पुलिस अलर्ट मोड़ में रही। नए वर्ष के जश्न में किसी भी तरह का व्यवधान न हो और आपराधिक तत्व कोई वारदात घटित न कर सके इस बात को ध्यान में रखते हुए पुलिस निगाह बनाए हुए हैं। क्षेत्र के सुनसान इलाकों, के साथ भीड़भाड़ भरे क्षेत्र में आने जाने वालों पर विशेष निगाह रखी जा रही है। जगह जगह चेकिंग पॉइंट लगाकर वाहन चालकों की जांच की जा रहा है। इसके साथ ही उत्पतियों पर अंकुश लगाने के लिए क्षेत्र का पैदल भ्रमण कर हर परिस्थिति पर निगाह रखी जा रही है। पुलिस ने अपने संदेश में कहा है कि नये वर्ष का जश्न शांतिपूर्ण मनाये ताकि किसी तरह का व्यवधान या अप्रिय स्थितियां निर्मित न हो। किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न करने वाले या फिर उपद्रव मचाने वाले अपराधिक तत्वों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। नशे में हुड़दंग मचाने वालों पर विशेष निगाह रखी जा रही है।

### ताला तोड़कर लाखों के उपकरण ले गये चोर

**कटनी।** एनकेजे थाना क्षेत्र गत दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने एक दुकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चुरा लिए। चोरों ने सबूत मिटाने के उद्देश्य से दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की हार्ड डिस्क भी अपने साथ ले गए। देव साउंड सर्विस के संचालक ऋतिकेश निषाद मंगलवार शाम को अपनी दुकान बंद कर घर गए थे। बुधवार सुबह जब वे दुकान पहुंचे तो उन्होंने शटर का ताला टूटा हुआ और शटर आधा खुला पाया। दुकान के अंदर जाने पर पता चला कि साउंड सिस्टम से जुड़े कीमती सामान, एम्पलीफायर और अन्य उपकरण गायब थे। संचालक ऋतिकेश निषाद ने बताया कि चोरों ने बड़ी चालाकी से वारदात को अंजाम दिया है। उन्होंने लाखों रुपये का कीमती सामान चुराने के साथ ही, सुरक्षा के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के डीवीआर से हार्ड डिस्क भी निकाल ली, ताकि उनकी पहचान न हो सके। निषाद के अनुसार, चोरी गए सामान की कुल कीमत लाखों में है। घटना की जानकारी मिलते ही एनकेजे थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किया। पुलिस ने संचालक की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

*ढीमरखेड़ा जनपद के झिन्ना पिपरिया संकुल का मामला*

## शिक्षकों का वेतन दूसरे के खातों में भेज दिया, लिपिक पर एफआइआर की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा



ढीमरखेड़ा जनपद शिक्षा केंद्र के झिन्ना पिपरिया संकुल में पदस्थ एक लिपिक पर तीन महिला अतिथि शिक्षकों का मानदेय दूसरे बैंक खातों में ट्रांसफर करने का आरोप लगाये गये है। जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद अब लिपिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है।

जानकारी के अनुसार झिन्ना पिपरिया संकुल में पदस्थ लिपिक संदीप कोरी ने पिछले शैक्षणिक सत्र में यह गड़बड़ी की। आरोप है कि उन्होंने प्राथमिक शाला कटरा टोला की सरोज बर्मन, माध्यमिक शाला उमरपानी की अलका बेगम और माध्यमिक शाला खंदवारा की साधना पटेल का मार्च, अप्रैल और जुलाई माह का मानदेय उनके खातों में न भेजकर किसी अन्य व्यक्ति के यूनियन बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिया। मामले की जांच के लिए विभाग की ओर से छह सदस्यीय टीम बनाई गई थी।

संकुल प्राचार्य रोहिणी प्रसाद झारिया ने बताया कि जांच दल की रिपोर्ट में यह साफ हो गया है कि लिपिक ने जानबूझकर मानदेय की राशि में हेराफेरी की है। इस मामले के सामने आने के बाद शिक्षा विभाग में सवाल उठने लगे हैं कि इतनी बड़ी गड़बड़ी एक व्यक्ति अकेले कैसे कर सकता है। विभागीय स्तर पर इसे लापरवाही या किसी के संरक्षण से जुड़ा मामला माना जा रहा है।

ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संयुक्ता ने आरोपित लिपिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए थाने में प्रतिवेदन भेज दिया है।

#### जांच के बाद होगी एफआइआर

थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि शिक्षा विभाग से संबंधित दस्तावेज प्राप्त हो गए हैं। फिलहाल कागजातों की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद आरोपी लिपिक के खिलाफ उचित धाराओं में मामला दर्ज किया जाएगा।

### संयुक्त दल ने किया औद्योगिक क्षेत्र का भ्रमण



स्थानीय उद्योगपतियों की समस्याओं के निदान हेतु संयुक्त निरीक्षक दल द्वारा कटनी के औद्योगिक क्षेत्र बरगवां का भ्रमण किया गया। इस दल में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक श्रीमती ज्योति सिंह चौहान एवं नगर निगम कटनी के प्रतिनिधि मौजूद रहे। भ्रमण के दौरान उद्योगपतियों से उनकी समस्याओं जिसमें औद्योगिक क्षेत्र की साफ- सफाई, नाली निर्माण, पुलिया निर्माण, सड़क मरम्मत कार्य एवं स्ट्रीट लाइट जैसी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान जिला उद्योग संगठन से मनीष गेई, उद्योगपति रोशन सचदेवा, दिलीप बजाज, रौनक खंडेलवाल, विजय मोहनानी, दिलीप, संजय, प्रबुद्ध एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र कटनी से प्रबंधक आशित वर्मा, सहायक प्रबंधक श्री जीत कुमार साहू उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय समिति ने बाल देख रेख संस्थाओं का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिला स्तरीय निरीक्षण समिति द्वारा ज़िलें में मिशन वात्सल्य अंतर्गत संचालित किलकारी शिशु गृह (विशेषज्ञ दत्तक गृहण एजेंसी), आसरा बाल गृह एवं आशा किरण बाल गृह का निरीक्षण किया गया।

कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 संशोधित 2021 की धारा 54 के प्रावधानुसार ज़िलें में संचालित बाल देखरेख संस्थाओं के निरीक्षण के लिए जिला स्तरीय निरीक्षण समिति का गठन किया गया है।

जिला स्तरीय निरीक्षण समिति अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्रा की अध्यक्षता में गठित की गई है। समिति में जिला बाल संरक्षण अधिकारी सदस्य सचिव हैं। साथ ही पर्यावरणविद् एवं मानवजीवन विकास समिति के सचिव श्री निर्भय सिंह, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री योगेश सिंह बघेल, डॉ पूजा हिन्दुजा, जिला चिकित्सालय से डॉ संदीप निगम एवं डॉ अशोक चौधहा सदस्य गण हैं। समिति द्वारा बाल देखरेख संस्थाओं के निरीक्षण के दौरान संस्था में निवासरत बच्चों को उपलब्ध आश्रय, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल आदि सुविधाओं की जानकारी ली गई। समिति द्वारा बच्चों से उनकी शैक्षणिक प्रगति, संस्था में उपलब्ध सुविधाओं एवं सह पाठ्यक्रम गतिविधियों के सम्बन्ध में चर्चा की गई।

समिति द्वारा संस्था अधीक्षक से बच्चों के पुनर्वास, स्वास्थ्य परीक्षण की स्थिति एवं नस्तियों के संधारण की जानकारी ली गई। समिति द्वारा अधीक्षकों को बाल देखरेख संस्थाओं के बेहतर संचालन हेतु महत्वपूर्ण सुझाव भी दिये गये।

*कई शुभ योगों के साथ हो रहा है नये वर्ष का आगाज*

## आज हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा नूतन वर्ष, मंदिरों में होंगे विविध धार्मिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



नूतन वर्ष 2026 का आगाज रात 12 बजते ही हो गया। नूतन वर्ष को सेलिब्रेट करने बहोरीबंद के विभिन्न धार्मिक स्थानों पर लोगो का सैलाब उमड़ेगा। बहोरीबंद के प्रसिद्ध रुपनाथ धाम,खडरा स्थित शारदा मंदिर, तिंगवा स्थित शारदा मंदिर, कोहका स्थित हरिदास ब्रजधाम, स्लीमनाबाद स्थित सिंहवाहिनी मंदिर मे लोगो की भीड़ उमड़ेगी। नूतन वर्ष का आगाज पूजा-अर्चना के साथ कि जाएगी जिसको लेकर मंदिरों मै तैयारियां की जा रही है। बहोरीबंद के प्रसिद्ध रुपनाथ धाम मंदिर मै नूतन वर्ष आगाज को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही है। नूतन वर्ष को सेलीब्रेट करने दिनभर यहाँ लोगों का ताँता लगेगा,रूपनाथ धाम मै भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक होगा। साथ ही भजन संकीर्तन के साथ महाआरती होगी।

लघु वृंदावन धाम बांधा मै नूतन वर्ष उल्लास के साथ मनाया जाएगा। नूतन वर्ष 1 जनवरी 2026 का स्वागत भजन, भंडारा के साथ उत्साहपूर्वक मनाया जायेगा। प्रातः 11 बजे से 2 बजे तकश्री राधारानी भजन मंडल, इमलाज एवं मझगवां के कवियों द्वारा भगवान श्री राधा कृष्ण जी के भजन संकीर्तन की प्रस्तुति दी जाएगी। वही दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक श्री राधावल्लभ मंडल कटनी द्वारा भजन संकीर्तन कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। शाम 6:30 बजे महाआरती होगी।

पं.दिलीप पौराणिक ने बताया कि नए साल की शुरुआत 2026 में ज्योतिष के अनुसार कई शुभ योगों के साथ होने जा रही है। गुरुवार 1 जनवरी को शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि और रोहिणी नक्षत्र के साथ-साथ रवि योग बन रहा है। इस दिन किसी भी नए काम की शुरुआत, निवेश, यात्रा, शिक्षा या व्यवसायिक प्रयास करना अत्यंत लाभकारी माना गया है। ऐसे शुभ योग के प्रभाव से नए साल की शुरुआत भाग्यशाली और सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर होगी। अंग्रेजी नववर्ष 2026 के पहले दिन कई शुभ योग बन रहे हैं, जो सुख समृद्धि और तरक्की के लिए बेहद कारगर माने जा रहे हैं।

पंडित रमाकांत पौराणिक ने बताया कि इस बार अंग्रेजी नववर्ष बेहद ही शुभ संयोग में शुरू होने वाला है। कई ग्रहों के गोचर से कई शुभ संयोग बनेंगे, ऐसे में वर्ष 2026 कई राशियों के लिए बेहद शुभ साबित होने वाला है। अंग्रेजी नववर्ष के पहले दिन हिंदू पंचांग के अनुसार वर्ष 2026 का पहला दिन पौष माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि और गुरुवार के दिन पड़ेगा।

### बहोरीबंद सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में निरीक्षण कर लिया जायजा

## जबलपुर से पहुंची कायाकल्प की टीम ने स्वास्थ्य सुविधाओ की टटोली नब्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहोरीबंद का निरीक्षण करने बुधवार को जबलपुर से कायाकल्प अभियान की टीम पहुंची। टीम सदस्य मे संभागीय क्वालिटी असेसर ऑफिसर डॉक्टर शिखा गर्ग के नेतृव्य में दो सदस्यीय दल शामिल रहा। उक्त निरीक्षण स्वास्थ्य विभाग भोपाल के आदेशानुसार कायाकल्प असेस्मेंट वर्ष 2025-26 हेतु था। दो सदस्यीय दल के द्वारा बहोरीबंद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का बारीकी से निरीक्षण किया ।संस्था का असेस्मेंट 8 बिंदुओं पर मूल्यांकन किया गया जिसमें हॉस्पिटल अपकीप भवन का रखरखाव, वेस्ट मैंनेजमेंट, इंफेक्सन कंट्रोल, हॉस्पिटल सपोर्ट सर्विस, हाई जिन प्रोमोसन आदि शामिल है। इसके अलावा टीम द्वारा साफ सफाई की स्थिति देखी साथ ही दस्तावेज भी चेक किए ।मरीजों के साथ डॉक्टरों का व्यवहार और मिली सुविधाओं की जानकारी ली ।

#### पहले से दुरूस्त थी व्यवस्थाएं

गौरतलब है कि कायाकल्प अभियान के निरीक्षण को लेकर पहले से ही बहोरीबंद अस्पताल में साफ सफाई करने के साथ व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया गया था व पूरे परिसर को चकाचक किया गया था ताकि कायाकल्प टीम को कोई कमियां नजर न आये। बहोरीबंद अस्पताल मे निरीक्षण के दौरान मुख्य बिंदु साफ सफाई, दवाई का रिकॉर्ड, एक्सपायरी डेट दवाई,स्वीपर से पूछा लगाने की विधि, स्टाफ का मरीजों के प्रति समर्पण भाव, हर्बल वाटिका ,मरीज का हॉस्पिटल तक पहुँच मार्ग, विकलांग के लिए बाथरूम एवं व्यवस्था, पार्किंग स्थान, स्टाफ का ड्रेस शामिल रहे। इन सभी बिंदुओं पर अस्पताल पर व्यवस्था बेहतर पाई गई।

#### व्यवस्थाएं मिली दुरूस्त

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ आनंद अहिरवार ने बताया कि सरकारी अस्पतालो का कायाकल्प की टीम द्वारा समय- समय पर निरीक्षण किया जाता है। व्यवस्था बेहतर होने पर अंक मिलते हैं उसी आधार पर आगे सुविधाओं और संसाधनों को बढ़ाया जाता है। जबलपुर से आईं कायाकल्प टीम ने बहोरीबंद अस्पताल के सभी वार्ड का निरीक्षण किया व रिकार्ड भी चेक किए जहां सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त पाई गई हैं ।

#### बहोरीबंद को मिल चुका है एनक्यूएएस प्रमाण पत्र

गौरतलब है कि उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा और मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के मानक पर खरा उतरने पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूए एस) प्रमाण-पत्र बहोरीबंद सामुदायिक स्वास्थ्य को प्रदान किया जा चुका है।23 जून 2025 को राजधानी भोपाल मै आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री, नेशनल हेल्थ मिशन डायरेक्टर व कमिश्नर के द्वारा बहोरीबंद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ डॉ आनंद अहिरवार को एनक्यूएएस प्रमाण पत्र प्रदान किया गया था।

## हुड़दंगियों एवं नशेड़ियों पर पुलिस की नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



नये वर्ष पर किसी भी प्रकार का खलल न हो इसके लिए पुलिस ने भी तैयारियां कर ली। नए वर्ष पर हुडदंग व शराबखोरी करने वालों पर पुलिस का डंडा चलेगा। पुलिस ऐसे स्थानों पर विशेष नजर रखेगी तथा कोई भी गड़बड़ी की शिकायत मिली तो तत्काल एक्शन लिया जाएगा। स्लीमनाबाद पुलिस अनुभाग के पांचो थाना क्षेत्रों में पुलिस टीम लगातार वाहन चैकिंग के साथ ही होटल ढाबों की जांच कर दी है।

#### एसडीओपी ने किया निरीक्षण

एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी ने मंगलवार की रात पुलिस अनुभाग के थाना स्लीमनाबाद, बहोरीबंद, बाकल, उमरियापान व ढीमरखेड़ा का निरीक्षण किया। एसडीओपी ने थाना प्रभारियों व पुलिस बल के साथ रेस्टोरेंट, ढाबो के साथ चौक - चौराहो का निरीक्षण किया जहाँ अनावश्यक रूप से रात्रि मै घूम रहे लोगों से पूछताछ कर सख्त हिदायत दी ओर वाहनों की सघन चेकिंग की गईं। नए साल के जश्न में शराब पीकर किया हंगामा तो खैर नहीं-नए साल के स्वागत की तैयारियां स्लीमनाबाद, बहोरीबंद व बाकल क्षेत्र मे जोर-शोर से जारी हैं।

पुलिस और प्रशासन ने भी सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैयारी कर ली है। एसडीओपी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि न्यू ईयर पर अवैध शराब का परिवहन और रेस्टोरेंट पर अवैध रूप से शराब न परोसी जाए इसे लेकर सतत मॉनीटरिंग कर कार्रवाई करें। न्यू ईयर पर अगर कोई हंगामा या शराब पीकर गलत तरीके से गाड़ी चलाता है तो तत्काल उसकी सूचना पुलिस को दें ताकि वह जिस रूट पर वाहन दौड़ा रहा है, उस पर लगा चेकिंग पॉइंट वाहन रोक कर कार्रवाई कर सके। अगर कोई तेज आवाज में डीजे बजाता है तो उसके खिलाफ भी शिकायत कर, कार्रवाई करा सकते हैं।नए साल के आयोजन पर थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिये पुलिस तैनात रहेगी।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने नेत्रहीन छात्र को दिये 20 हजार रूपए

**कटनी।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष रेडक्रॉस सोसायटी आशीष तिवारी ने बड़वारा तहसील के ग्राम विलायतखुर्द निवासी 100 प्रतिशत दृष्टिबाधित छात्र प्रदीप कुमार रजक को उनकी एलएलबी की उच्च शिक्षा जारी रखने के लिए 20 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की है। इस दौरान रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव अभिनंदन शर्मा भी मौजूद रहे। प्रदीप कुमार रजक वर्तमान में डॉ. हरिसिंह गौर यूनिवर्सिटी, सागर से बी.ए.एल.एल.बी. की पढ़ाई कर रहे हैं। प्रदीप कुमार रजक ने हाल ही में अपना आठवां सेमेस्टर 65.49 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण किया है और वर्तमान में नौवें सेमेस्टर में प्रवेश लिया है। उनके शानदार शैक्षणिक प्रदर्शन को देखते हुए, रेडक्रॉस सोसायटी ने उनकी पढ़ाई में सहयोग जारी रखने का फैसला किया है। यह पहली बार नहीं है जब रेड क्रॉस सोसायटी ने प्रदीप रजक की सहायता की है। पूर्व में भी रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष एवं तत्कालीन कलेक्टर के अनुमोदन पर रेड क्रॉस सोसायटी के माध्यम से उन्हें परीक्षा में लेखक की सहायता हेतु तीन बार 20-20 हजार रूपये की सहायता राशि प्रदान की जा चुकी है।

### दूध के लिये नमूने

**कटनी।** जिले के नागरिकों को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री एवं दूध की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा जिले में लगातार खाद्य पदार्थों की जांच की जा रही है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवकी सोनवानी ने बताया कि टीम द्वारा नेशनल हाईवे स्थित जायसवाल ढाबा के सामने दूध विक्रेता उत्तम यादव से दूध का सैंपल लिया गया। इसी प्रकार ठाकुर ढाबा भेड़ा से दूध का सैंपल लिया गया जो कि जांच हेतु नमूने राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेज दिए गए है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### समस्याओं के निराकरण हेतु विशेष शिविर 2 को

**कटनी।** नगर निगम में वर्तमान में कार्यरत एवं सेवानिवृत्त हो चुके अधिकारी-कर्मचारियों की विभिन्न सेवा संबंधी समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा एक विशेष पहल करते हुए 2 जनवरी 2026 को नगर निगम के मेयर इन काउंसिल कक्ष में विशेष शिविर का आयोजन करने के निर्देश दिए है। निगमायुक्त सुश्री परिहार ने उपायुक्त शैलेष गुप्ता को प्रतिमाह शुक्रवार को शिविर आयोजन हेतु आवश्यक तैयारियां पूर्ण कराने के निर्देश दिए है। उपायुक्त ने बताया कि शिविरों के माध्यम से निगम के अधिकारियों की पेंशन, ग्रेच्युटी, एरियर, वेतन विसंगति, पारिवारिक पेंशन सहित अन्य लंबित कर्मचारियों के प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाएगा। संबंधित शाखाओं के अधिकारियों को शिविरों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर प्राप्त आवेदनों का मौके पर निराकरण करने अथवा निर्धारित समय-सीमा में कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

### भदार नदी में श्रमदान से किया गया बोरी बंधान

**कटनी।** जल संचय अभियान के तहत सेक्टर खितौली 03 के ग्राम बगदरा के प्रस्फुटन ग्राम बगदरा के भदार नदी में श्रमदान द्वारा ₹बोरी बंधान₹ का कार्य किया गया। जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ तेज सिंह केशवाल के निर्देशन एवं ब्लॉक समन्वयक नंदिनी वाटिया के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था प्रतिनिधि मनोज तिवारी के सहयोग व प्रस्फूटन समिति के सदस्यों के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में 42 बोरी का बंधान किया गया। बोरी बंधान कार्यक्रम में ग्रामीण जनों को वर्षा जल को संचय करने का संदेश व जल के महत्व को बताते हुए जागरुक किया गया। इस कार्य में उपस्थित ग्राम नवांकुर संस्था मनोज तिवारी, परामर्शदाता कनछेदी कोरी एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष कुलदीप सिंह, सचिव ओमकार यादव एवं ग्राम प्रस्फुटन समिति ऊँटिन टोला समिति अध्यक्ष ईश्वरदीन बर्मन, सचिव शिवरतन साकेश समिति सदस्य राजकुमार यादव, मिथलेश सिंह, सोने सिंह, अंकुश यादव, नारायण यादव एवं ग्रामीण जनों की भी सहभागिता देखने को मिली।

---

### एसडीएम कटनी ने तहसीलदार रीठी के प्रतिवेदन पर की कार्यवाही, निलंबित पटवारी को तहसील मुख्यालय रीठी किया अटैच

# फर्जी धान पंजीयन के सत्यापन मामले में नप गया पटवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

किसानों को बिचौलियों, दलालों एवं व्यापारियों के कुत्सित मंसूबों से बचाने के लिये कलेक्टर आशीष तिवारी के द्वारा दिये गये निर्देश के परिपालन में फर्जी धान पंजीयन के सत्यापन से जुड़े मामले में कार्यवाही करते हुये एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी ने रीठी तहसील के ग्राम तिघराकला के हल्का नंबर 5 के पटवारी संजय कोल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन की यह कार्यवाही तहसीलदार रीठी के प्रतिवेदन के आधार पर की गई है।

जनसुनवाई में तहसील रीठी के ग्राम निर्टरा निवासी मीराबाई पति गुलाब सिंह द्वारा शिकायत प्रस्तुत की गई थी कि मीरा बाई पति विनोद कुमार के नाम पर पंजीयन कमांक 226424000047 दर्ज है। जिसका कुल पंजीकृत रकबा 19.37 हेक्टेयर है। पंजीयन में मीरा बाई पति विनोद कुमार के अलावा तहसील रीठी के विभिन्न ग्रामों की मीराबाई नाम की भूमि स्वामियों की जमीनें बिना उनकी जानकारी एवं सहमति के जोड़ी गई थी।



#### बिना जानकारी सत्यापित

हल्का पटवारी संजय कोल द्वारा तहसीलदार की आईडी से धान की फसल का सत्यापन किया गया था। जिसमें ग्राम बूढा पटवारी हल्का नंबर 39 के खसरा नंबर 63, 64, 283/1 रकबा क्रमशः 2, 0.12, 2 हेक्टेयर का सत्यापन किया गया है तथा ग्राम गोदाना तहसील रीठी किसान कोड 225422310143 किसान का नाम मुकेश कुमार लोधी द्वारा रकवा 23.03 हेक्टेयर का पंजीयन संबंधित किसान एवं संबंधित ग्राम के हल्का पटवारी की जानकारी के बिना ही सत्यापित किया गया है।

#### जान बूझकर गलत सत्यापन

इस कृत्य के लिये हल्का पटवारी संजय कोल को तहसीलदार रीठी द्वारा 3 दिसंबर को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया था। परंतु, हल्का पटवारी द्वारा कारण बताओं नोटिस का जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया। जिससे यह परिलक्षित हुआ कि पटवारी संजय कोल द्वारा जानबूझकर धान पंजीयन का गलत सत्यापन किया गया

पटवारी संजय के द्वारा उपरोक्त किसानों की धान की फसल का सत्यापन संबंधित किसान एवं संबंधित हल्का पटवारी की जानकारी के बिना किया गया। जो कि म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 (2) के प्रावधनों के अंतर्गत कदाचरण की श्रेणी में आता है।

इसके बाद एसडीएम कटनी श्री चतुर्वेदी ने हल्का पटवारी संजय कोल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। निलंबन अवधि में श्री कोल का मुख्यालय तहसील कार्यालय रीठी रहेगा व नियमानुसार उन्हें जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।

### हथियागढ़ खरीदी केन्द्र की बोरियों में नहीं था टैग, तौल में भी मिली विसंगतियां

धान उपार्जन कार्य में पारदर्शिता सुनिश्चित करने कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिला आपूर्ति अधिकारी सज्जन सिंह परिहार और सहायक आपूर्ति अधिकारी पीयूष कुमार शुक्ल ने तहसील बहोरीबंद के गणेश वेयरहाउस स्थित धान उपार्जन केंद्र हथियागढ़ का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने पाया कि उपार्जन केंद्र हथियागढ़ के प्रभारी गजराज पटेल द्वारा किसानों से धान की निर्धारित मानक के अनुसार तौल नहीं की जा रही थी एवं बोरियों में सिंगल सिलाई की गई थी। इसके अलावा बोरियों पर लगे टैग में किसानों का विशिष्ट कोड अंकित नहीं किया गया था। इन अनियमितताओं को देखते हुए केंद्र प्रभारी को तत्काल प्रभाव से किसानों से ग्रेडिंग कराकर केवल एफएक्यू स्कंध ही लेने के सख्त निर्देश दिए हैं, ताकि धान की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके।

### जिले में अब तक 3 लाख 20 हजार मीट्रिक टन से अधिक धान उपार्जित

जिले में 1 दिसंबर से समर्थन मूल्य पर शुरू हुये धान उपार्जन में बुधवार 31 दिसंबर तक कुल 38 हजार 469 कृषकों से अब तक 3 लाख 20 हजार 94 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। जिले में अब तक 58 हजार 677 कृषकों द्वारा स्लॉट की बुकिंग की जा चुकी है तथा 2 लाख 32 हजार 964 मीट्रिक टन के स्वीकृति पत्रक भी जारी किये जा चुके है। साथ ही अब तक कृषकों को उपार्जित धान का 390.29 करोड़ रुपये का भुगतान भी किया जा चुका है।

#### उपार्जन में बहोरीबंद अग्रणी

जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर हुए धान उपार्जन के मामले में तहसील बहोरीबंद अग्रणी है। यहां अब तक की स्थिति में कुल 7600 किसानों से 64 हजार 923 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। जबकि दूसरे नंबर पर तहसील ढ़ीमरखेड़ा में 7212 किसानों से 49 हजार 720 मीट्रिक टन धान समर्थन मूल्य पर उपार्जित की जा चुकी है।

इसी प्रकार बड़वारा तहसील में अब तक 5499 किसानों से 41 हजार 496 मीट्रिक टन धान उपार्जित की गई है। जबकि रीठी तहसील में 4171 कृषकों से 40 हजार 106 मीट्रिक टन धान उपार्जित की जा चुकी है। विजयराघवगढ़ तहसील में अब तक की स्थिति में 4609 किसानों से 37 हजार 796 मीट्रिक टन धान उपार्जित की गई है। वहीं बरही तहसील में 3573 किसानों से 32 हजार 111 मीट्रिक टन धान उपार्जित की जा चुकी है।

इसके अलावा स्लीमनाबाद तहसील में 2831 किसानों से 25 हजार 990 मीट्रिक टन, कटनी नगर तहसील में 1688 किसानों से 17 हजार 599 मीट्रिक टन और कटनी ग्रामीण तहसील में 1286 किसानों से 10 हजार 354 मीट्रिक टन तथा धान की खरीदी की जा चुकी है।

#### कोताही नहीं बरतने हिदायत

कलेक्टर श्री तिवारी ने धान उपार्जन कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों को धान उपार्जन केन्द्रों में तिरपाल, पन्नी सहित अन्य समस्त आवश्यक इंतजाम पुख्ता रखनें के निर्देश दिए है। इसके अलावा कलेक्टर ने खरीदी केन्द्र प्रभारियों और इस कार्य से संबंधित सभी अधिकारियों को दो टूक लहजे मे निर्देशित किया है कि किसानों के हित से जुड़े मामले में किसी भी स्तर पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

---

*आयुक्त ने कर्मचारियों को डोर टू डोर संपर्क करने दिये निर्देश*

# दायित्व पालन में लापरवाही बरतने पर दो कर्मचारियों को थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासन मंशानुरूप नगर की पात्र अनाधिकृत कालोनियों में निवासरत नागरिकों से विकास शुल्क की राशि जमा कराकर वार्डो में अधोसंरचना विकास मुहैया कराकर विकास की धारा से जोड़ने हेतु वार्डो में आयोजित किये जा रहे शिविरों का लाभ स्थानीय प्रत्येक पात्र नागरिक को मिले इस हेतु डोर टू डोर नागरिकों से संपर्क कर उन्हे शिविर एवं डिमांड राशि की जानकारी से अवगत कराकर शिविर का लाभ प्राप्त करनें हेतु प्रेरित करें।

उक्त निर्देश निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा बुधवार को नगर के तीन वार्डो में आयोजित हो रहे विकास शुल्क शिविरों के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को दिए गए। निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा राम मनोहर लोहिया वार्ड क्रमांक 5 के अहमदनगर, वार्ड क्रमांक 3 लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में पहरूआ स्कूल के पास, तदोपरांत इंदिरा गांधी वार्ड क्रमांक 4 के शिवाजी नगर, में आयोजित शिविरों नगर में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया गया।



निगमायुक्त द्वारा शिविर स्थलों में उपस्थित दलों के कर्मचारियों से दैनिक कार्य योजना तथा वसूली के लक्ष्य की जानकारी ली, तथा शत-प्रतिशत नागरिकों से डोर टू डोर संपर्क कर डिमांड एवं शिविर आयोजन की जानकारी से अवगत कराते हुए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप विकास शुल्क की राशि जमा कराने हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिए। ताकि शीघ्र ही शासन मंशानुरूप नागरिकों को अधोसंरचना विकास कार्य उपलब्ध कराए जा सकें।

निगमायुक्त द्वारा निरीक्षण के दौरान अहमद नगर में आयोजित शिविर में सहायक राजस्व निरीक्षक मुकेश शुक्ला के अनुपस्थित रहने पर नाराजगी व्यक्त की जाकर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। वही शिवाजी नगर निरीक्षण के दौरान भवनों एवं बकायेदारों की सूची संधारित नहीं पाए जाने पर सहायक राजस्व निरीक्षक राजकुमार गुप्ता पर गहन नाराजगी व्यक्त की जाकर इन्हे भी नोटिस जारी करने तथा सूची अद्यतन कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

---

### ऐतिहासिक किले का भ्रमण करा दी गई जानकारी



विजयराघवगढ़ में नगर विकास प्रस्फुटन सेवा समिति के तत्वावधान में ऐतिहासिक विजयराघवगढ़ किले परिसर में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में समिति के सदस्यों के साथ-साथ मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। सभी ने मिलकर किले परिसर की साफ-सफाई की तथा स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई ।इसके पश्चात मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को क्षेत्रीय भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान विकासखंड समन्वयक आरती गुप्ता द्वारा विजयराघवगढ़ किले की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, सांस्कृतिक महत्व एवं विरासत संरक्षण की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी गई ।इस अवसर पर नगर विकास प्रस्फुटन सेवा समिति के अध्यक्ष सतीश गुप्ता, छवि ताम्रकार, अभिजीत ठाकुर, सत्यम पांडेय, अनिता सोनी , सचिन गुप्ता ,राघव ,हर्ष नामदेव,कृष्णा बर्मन,सहित समिति के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

---



# सिकमी पंजीयन सत्यापन की मांग, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

भारतीय किसान संघ तहसील ईकाई ढीमरखेड़ा द्वारा किसानों के सिकमी पंजीयन को लेकर कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन सौंपा।किसानों के सिकमी पंजीयन सत्यापन की प्रक्रिया को सरल एवं व्यवहारिक बनाने की मांग की गई है, ताकि वास्तविक किसानों को शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके।

ढीमरखेड़ा तहसील अध्यक्ष बसंत मिश्रा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक किसान पारिवारिक परिस्थितियों के कारण अपनी कृषि भूमि अपने भाई या पुत्र के नाम कर चुके हैं, जिससे उनकी पैतृक संपत्ति सुरक्षित रह सके। इसके साथ बहुत से छोटे किसान, जिनके पास एक से तीन एकड़ भूमि है, रोजगार की तलाश में शहरों में कार्य करने चले जाते हैं। ऐसे किसान अपनी कृषि भूमि उन किसानों को सिकमी पर दे देते हैं, जिनके पास सिंचाई के पर्याप्त साधन उपलब्ध होते हैं।

भारतीय किसान संघ ने बताया कि कई किसानों के माता-पिता वृद्ध एवं असहाय हैं, जिनकी भूमि पुत्र, भाई अथवा भतीजे के नाम पर दर्ज है। ऐसी पारिवारिक एवं वास्तविक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए सिकमी पंजीयन को सत्यापित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि फसलों के उपार्जन से पूर्व संबंधित सिकमीदार किसानों का सत्यापन मोबाइल संपर्क, कोटवार और पंचनामा के माध्यम से कराया जाए, जिससे वास्तविक किसान अपनी उपज शासन द्वारा संचालित खरीदी केंद्रों पर विक्रय कर सकें।

जिलाध्यक्ष राजेंद्र पटेल,आशीष चौरसिया, ज्ञानचंद चौरसिया, सतीश चौबे,संजय ज्योतिषी, संतोष यादव के अलावा अन्य किसानों की उपस्थिति रही।

---

*विकास शुल्क जमा कराने किया प्रेरित ताकि मिले सुविधाएं*

# महापौर ने विकास शुल्क शिविरों का लिया जायजा, लोगों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर की अनाधिकृत कालोनियों में अधोसंरचना विकास सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर निगम प्रशासन द्वारा लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्रमांक 3 में पहरूआ स्कूल के पास सहित इंदिरा गांधी वार्ड क्रमांक 4 के शिवाजी नगर, बालाजी नगर और राम मनोहर लोहिया वार्ड क्रमांक 5 के अहमदनगर में आयोजित होने वाले विकास शुल्क शिविरों का महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने शिविरों में नागरिकों द्वारा जमा की गई विकास शुल्क की राशि सहित उपस्थित जनों से शिविरों की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। महापौर श्रीमती सूरी नें अधिकारियों को निर्देशित किया कि वार्डो में आयोजित हो रहे शिविरों का एक दिन पूर्व ही वार्ड की गलियों में प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित किया जाए तथा विकास शुल्क की गणना संबंधी संपूर्ण जानकारी पूर्व से शिविर में उपलब्ध हो ताकि नागरिकों को अनावश्यक परेशान न होना पड़े।



महापौर श्रीमती सूरी द्वारा निरीक्षण के दौरान वार्डो के नागरिकों से भी संवाद कर आयोजित होने वाले शिविरों की जानकारी उन्हे दी जाकर शिविरों का लाभ प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया। महापौर ने कहा कि शिविरों का सही परिणाम तभी प्राप्त होगा जब नागरिक स्वेच्छा से सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित कर अपनें- अपने हिस्से की विकास शुल्क की राशि शिविरों में जमा करेंगे। विकास शुल्क की राशि प्राप्त होने के पश्चात संबंधित वार्डों की अनधिकृत कालोनियों में नियमानुसार चरणबद्ध तरीके से सड़क, नाली, पेयजल व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट एवं अन्य मूलभूत अधोसंरचना विकास कार्य कराए जाएंगे, जिससे क्षेत्रवासियों को और भी बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

महापौर ने कहा कि अनधिकृत कालोनियों के नियमितीकरण एवं विकास की दिशा में वार्डो में शिविरों का आयोजन निगम प्रशासन का महत्वपूर्ण कदम है। नागरिकों से आग्रह किया कि आगामी दिनों में वार्डो में आयोजित होने वाले शिविरों में उपस्थित होकर विकास शुल्क जमा करें, ताकि शीघ्र विकास कार्य प्रारंभ किए जा सकें।

---

### जिला सीईओ ने निर्माण एवं विकास कार्यों का किया औचक निरीक्षण

# तकनीकी अधिकारियों को दो टूक हिदायत, लापरवाही पर बख्शा नहीं जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिला पंचायत सीईओ सुश्री सिमरनप्रीत कौर ने जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित ढीमरखेड़ा से पिंडरई एवं अंतर्वेद सड़क निर्माण का औचक निरीक्षण कर जायज़ा लिया। सुश्री कौर ने सहायक प्रबंधक एवं तकनीकी अधिकारियों को सख्त लहजे में निर्देशित किया गया कि तकनीकी मानकों का पालन करते हुए जनोपयोगी गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराते हुए आवश्यक सुधार, मरम्मत और दुरुस्तीकरण कराया जाना सुनिश्चित करें। नागरिकों को आवागमन में असुविधा न हो एवं दुर्घटनाओं से बचाव हेतु सड़कों पर चिन्हित दुर्घटना स्थलों पर संकेतक और आवश्यक सूचना पटल लगाएं। नागरिकों की बुनियादी सुविधाओं और सुरक्षा हित को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। इसमें लापरवाही बरती जाने पर दोषी अधिकारियों को बख्शा नहीं जाएगा। इस दौरान उन्होंने पिंडरई,दशरमन पटना, भमका और जामुन चुआ पहुंच कर विविध प्रकार की गतिविधियों, निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण कर जायज़ा जायजा लिया।



जिला पंचायत की सीईओ सुश्री कौर ने पिंडरई के ग्राम वासियों से आत्मीयता के साथ उनकी तकलीफ एवं समस्याओं को अत्यंत संवेदनशीलता और धैर्य के साथ सुना। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत में कराए गए निर्माण एवं विकास कार्यों को लेकर संवाद किया। सुश्री कौर ने अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण हेतु तत्परता पूर्वक आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया।

#### उपार्जन केंद्र एवं शिविर का भी लिया जायजा

इस दौरान जिला पंचायत की सीईओ सुश्री कौर ने ग्राम पंचायत दशरमन समिति स्तरीय उपार्जन केंद्र का निरीक्षण किया। आयुष्मान कार्ड शिविर का अवलोकन करते हुए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका से संवाद किया तथा पात्र हितग्राहियों के शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मनरेगा योजना के अंतर्गत बाउंड्री बाल निर्माण एवं मां की बगिया के तहत कराए गए कार्य का निरीक्षण किया। सुश्री कौर ने शालाओं में मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, वितरण,मेन्यू के के संबंध में जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देश दिए।

सुश्री कौर ने ग्राम पटना और जामुन चुआ पहुंचकर बारिश के पानी के सहेजने हेतु वाटरशेड परियोजना के अंतर्गत नवीन तालाब निर्माण हेतु चयनित स्थलों को देखा। उन्होंने तकनीकी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल संरक्षण संवर्धन एवं संचय के अंतर्गत कराए गए तालाबों और अन्य निर्माण कार्य का स्थल चयन ऐसा करें कि बरसात के पानी की एक-एक बूंद सुरक्षित रहे। उन्होंने भमका में मौसमी सब्जियों के उत्पादन हेतु किसानों को विक्रय किए जाने वाले पौधों को तैयार किए जाने नेट शेड को भी देखा।

भ्रमण के दौरान प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के सहायक प्रबंधक, तकनीकी अधिकारी एवं विभागीय अधिकारी- कर्मचारी मौजूद रहे।

---

# 1278 शालाओं में एफएलएन के तहत मेले का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले की सभी 1278 शासकीय प्राथमिक शालाओं में एफएलएन के द्वितीय चरण के अंतर्गत मेले का आयोजन किया गया। मेले में जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर ने सहभागिता की। एफएलएन के अंतर्गत कक्षा 1 एवं 2 के बच्चों के शारीरिक, बौद्धिक भाषा एवं गणितीय विकास एवं समझ का मूल्यांकन एवं प्रदर्शन किया जाता है। राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार इस बार मेले में अविभावकों के साथ आंगनबाडी के बच्चों को भी आमंत्रित किया गया। साथ ही जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, जिला एवं ब्लाक स्तर के अधिकारियों नें बडी संख्या में उपस्थित होकर सहभागिता की।

जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर ने एकीकृत माध्यमिक शाला रावर्टलाईन में एफएलएन मेले में सहभागिता की तथा बच्चों से संवाद स्थापित किया तथा बच्चों के शैक्षणिक स्तर पर संतोष व्यक्त किया। साथ ही कैम्पस में संचालित आवासीय बालक छात्रावास रावर्टलाईन का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक निर्देश दिये। इस मेले के माध्यम से बच्चों के साथ साथ उनके अविभावकों नें एफएलएन के मूल को समझा। एफएलएन मेलें में जिला भाजपाध्यक्ष श्री दीपक टंडन सोनी ने शासकीय कन्या उ.मा. विद्यालय सिविल लाईन कटनी में सहभागिता की तथा उपस्थित बच्चों एवं उनके अविभावकों को भारत सरकार की नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत संचालित एफएलएन की बारीकियों को समझनें एवं इसके माध्यम से बच्चों की बौद्धिक क्षमता में विकास के लिये प्रेरित किया।

# पुलिस बल के साथ अवैधानिक निर्माण हटाने गई नपा की टीम लौटी बैरंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर के रमाकवि वार्ड में मुख्य मार्ग से अंदर जाने वाले रास्ते के कुछ हिस्से पर अवैधानिक रूप से भवन निर्माण किए जाने की शिकायत आसपास के रह वासियों द्वारा की गई थी जिसके संबंध में नगर पालिका द्वारा बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद भी अवैध निर्माण नहीं हटाए जाने पर बुधवार की दोपहर नगर पालिका सीएमओ राजेंद्र खरे अपनी संयुक्त टीम व पुलिस बल के साथ जेसीबी लेकर हटाने पहुंचे लेकिन अवैध निर्माणकर्ता द्वारा स्वयं तोड़े जाने के निवेदन पर 4 दिन की मोहलत दी गई जिससे नगरपालिका दल और पुलिस बाल बेरिंग वापस लौट आया। नपा सीएमओ राजेंद्र खरे ने बताया कि राम कभी वार्ड में अब्दुल सलाम पिता अब्दुल अहमद खान एवं अब्दुल कलाम पिता अब्दुल अहमद खान द्वारा रास्ते में भवन निर्माण हेतु भवन अनुज्ञा ली गई थी स्वीकृत नक्शा एवं निर्धारित शर्तों का पालन न करते हुये निर्माण किया गया है, जो कि अवैधानिक था। जिस संबंध में उन्हें पूर्व में नोटिस के द्वारा सूचित किया गया था लेकिन उनके द्वारा उक्त अवैधानिक निर्माण नहीं हटाया गया जिससे उक्त निर्माण से आम रास्ता काफी संकीर्ण हो जाने के आस-पास के रहवासियों व आम जनों को निकलने में काफी समस्या हो रही थी जिसकी शिकायत वार्ड वासियों के द्वारा आवेदन देकर एवं सीएम पर की गई थी। जहां वरिष्ठ अधिकारीयों के निर्देशन में बुधवार को अवैधानिक निर्माण हटाने की कार्यवाही प्रस्तावित की गई थी। जहां मौके पर पहुंचकर कार्यवाही हेतु अवगत कराया गया जहां उनके द्वारा स्वयं वैधानिक निर्माण तोड़े जाने के निवेदन पर चार दिन का समय दिया गया यदि इस समयावधि में अवैध निर्माण नहीं हटाया गया तो आगामी 5 जनवरी को वैधानिक निर्माण हटाए जाने की कार्यवाही शक्ति से की जावेगी।

# अधीक्षण अभिंयता ने वितरण केन्द्र हिण्डोरिया का किया औचक निरीक्षण

**हिंडोरिया।** निरीक्षण के दौरान उन्होने वितरण केन्द्र प्रभारी प्रदीप सिंह परिहार को विद्युत व्यवस्था सुधार को लेकर कई अहम निर्देश दिये गये। अधीक्षण अभिंयता अमित कुमार चौहान द्वारा क्षेत्र मे विद्युत सप्लाई को सुदृढ़ एवं निर्बाध बनाये रखने पर विशेष जोर दिया। इसके साथ ही कि समाधान योजना का प्रभावी व समयबंद्ध क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गए। निरीक्षण के दौरान राजस्व संग्रहण बढाने ,लंबित बकाया बसूली मे तेजी लाने तथा उपभोक्ताओ की शिकायतो का त्वरित समाधान करने पर भी बल दिया गया। वही कार्यालय की साफ सफाई अभिलेखो के सुव्यवस्थित रख रखाव व कार्य प्रणाली मे सुधार को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। हिण्डोरिया कनिष्ठ अभियंता प्रदीप सिंह परिहार को निर्देशित किया गया कि शासन के दिशा निर्देशो के अनुरूप पारदर्शिता के साथ जिम्मेदारियो के साथ कार्य करते हुए उपभोक्ताओ को बेहतर विद्युत सेवाए उपलब्ध कराई जाए।

## ग्राम इमलीडोल में कृषक खेत पाठशाला कार्यक्रम आयोजित

**तेंदूखेड़ा।** वनांचाल क्षेत्र ग्राम पंचायत इमलीडोल में कृषि विभाग एवं ग्रामीण विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में कृषक खेत पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों, फसल प्रबंधन एवं उत्पादन बढ़ाने के आधुनिक तरीकों की जानकारी देना रहा। कार्यक्रम में कृषि विस्तार अधिकारी सुश्री प्रिया तिवारी द्वारा किसानों को फसल चयन, बीज उपचार, संतुलित उर्वरक उपयोग, कीट एवं रोग प्रबंधन सहित प्राकृतिक जैविक एवं जलवायु अनुकूल खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने खेत पर ही उदाहरण देकर किसानों की शंकाओं का समाधान किया और वैज्ञानिक पद्धति से खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। यूएनडीपी टेरी के सहयोग से ग्रामीण विकास समिति द्वारा वर्मी कमपोष्ट खाद बनाई गई और खेतो में डलवाई गई जिसका फायदा और फसल रोग मुक्त, पौधा अच्छा हुआ है किसानों को दिखाया गया। इस अवसर पर ग्रामीण विकास समिति सदस्यों ने किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी तथा कृषि विभाग के साथ मिलकर भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। कार्यक्रम में ग्राम के अनेक कृषकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इसे उपयोगी बताया। कार्यक्रम के अंत में किसानों से प्राप्त सुझावों के आधार पर आगे भी कृषक हित में गतिविधियाँ आयोजित करने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर किसान भागसिंह, राजरानी गौंड, सपना, अबधरानी, सहोद्रा, चनीराम, उजयार सिंह जीव्हीएस से कार्यक्रम संगठक धरमदास पाल, राजेश सिंह के अलाबा ग्राम के कृषक पाठशाला कार्यक्रम 39 किसान उपस्थित रहे।

[ नए साल की नई लड़ाई...प्रदूषण से लड़ें...आगे बढ़ें ]

# महानगर सीखें छोटे शहर से.... दमोह की सबसे 'शुद्ध हवा'

## 'मिशन ग्रीन दमोह' ने बदल दी तस्वीर

ताजी और शुद्ध हवा के लिए पहचाना जाने वाला दमोह जिले ने नई उपलब्धि हासिल की है। आज दमोह का एक्यूआई घटकर 37 दर्ज किया गया, जो उत्कृष्ट वायु गुणवत्ता को दर्शाता है। विशेषज्ञों के अनुसार दमोह की इस सफलता के पीछे 10 वर्ष पूर्व प्रारंभ हुई जलस्तर सुधार एवं व्यापक पौधारोपण मुहिम का बड़ा योगदान है। मिशन ग्रीन दमोह के संरक्षक सिद्धार्थ मलैया ने बताया कि बुंदेलखंड में गिरते जलस्तर को सुधारने के उद्देश्य से यह अभियान शुरू किया गया था, जिसके तहत अब तक लाखों पौधे लगाए गए। मिशन संरक्षक पूजा मलैया द्वारा स्कूलों में निःशुल्क पौधों का वितरण कर जन-भागीदारी सुनिश्चित की गई। पौधों के संरक्षण के लिए वाटर टैंकरों से सिंचाई, ट्री-गार्ड की व्यवस्था और आधुनिक मशीनों की सहायता से बड़े पैमाने पर गड्ढा खुदाई की गई, जिससे पौधारोपण को गति मिली। कटनी में वायु गुणवत्ता सुधारने के लिए नगर निगम एवं रेलवे द्वारा संयुक्त प्रयास किए गए, जिसके परिणामस्वरूप एक्यूआई घटकर 84 पर पहुंच गया है। यहां वायु प्रदूषण बढ़ने का मुख्य कारण पांच रेल लाइनों के जंक्शन पर बन रहा देश का सबसे बड़ा रेलवे वायडक्ट ओवर ब्रिज है, जिसकी कुल लंबाई लगभग 33.5 किलोमीटर है। इसके पूर्ण होने पर मालगाड़ियों को कटनी जंक्शन से बायपास किया जा सकेगा। सिंगरौली में कारखानों से उत्पन्न प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए उद्योगों में प्रदूषण नियंत्रण के प्रभावी उपाय किए गए हैं, जिसमें नगरीय निकायों के साथ-साथ जन सहभागिता भी सुनिश्चित की गई है।

**एयर क्वालिटी इंडेक्स**

**50** से कम एक्यूआई
उत्कृष्ट वायु गुणवत्ता

**100** के भीतर एक्यूआई
शहरों में निरंतर सुधार आवश्यक

**31 दिसंबर को प्रदेश के कुछ शहरों में एक्यूआई**

| | |
|---|---|
| दमोह | 37 |
| जबलपुर | 85 |
| सागर | 138 |

# नववर्ष में जागेगी बुंदेलखंड की आस्था



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

नववर्ष के आगमन के साथ ही बुंदेलखंड की पावन धरती एक बार फिर श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक चेतना के महासंगम की साक्षी बनने जा रही है। स्वयंभू दिव्य शिवलिंग के लिए विख्यात देव श्री जागेश्वरनाथ धाम नववर्ष पर आस्था का प्रमुख केंद्र बनेगा। नए साल के अवसर पर जागेश्वरनाथ धाम, रोहनिया धाम, त्रिलोचन पर्वत, नित्यानंद सरकार की धूनी मंदिर सहित आसपास के धार्मिक स्थलों पर हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की प्रबल संभावना है। देव श्री जागेश्वरनाथ धाम के समीप स्थित त्रिलोचन पर्वत और तलहटी पर बसा रोहनिया धाम अपनी प्राकृतिक सुंदरता, दिव्य ऊर्जा और पौराणिक मान्यताओं के कारण श्रद्धालुओं को विशेष रूप से आकर्षित करता है। लोकमान्यता के अनुसार यह स्थल माता पार्वती का मायका और देव श्री जागेश्वरनाथ महादेव की ससुराल माना जाता है। इसी गहन आस्था के चलते नववर्ष पर यहां परिवार सहित श्रद्धालुओं का आगमन बढ़ जाता है।

### 1844 से जुड़ी दिव्य परंपरा आज भी जीवंत

स्थानीय धार्मिक ग्रंथों एवं जनश्रुतियों के अनुसार, वर्ष 1844 में देव श्री जागेश्वरनाथ धाम में प्रतिष्ठा से पूर्व माता पार्वती की दिव्य प्रतिमा रोहनिया धाम में लगभग एक सप्ताह तक विराजित रही थी। आज भी वह ऐतिहासिक चबूतरा श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। नववर्ष के अवसर पर यहां विशेष श्रद्धालु भीड़ उमड़ने की संभावना जताई जा रही है।

### त्रिलोचन पहाड़ी की रहस्यमयी गुफाएं बनेंगी आकर्षण का केंद्र

रोहनिया धाम केवल धार्मिक स्थल ही नहीं, बल्कि प्रकृति और रहस्य का अद्भुत संगम भी है। त्रिलोचन पहाड़ी पर स्थित रहस्यमयी गुफाओं को लेकर मान्यता है कि एक गुफा का मार्ग खड़ेरा सिद्धेश्वर धाम तक जाता है, जबकि पाताल भैरवी और हनुमान स्थल के समीप स्थित दूसरी गुफा को अंतहीन माना जाता है। नववर्ष में इन गुफाओं की रहस्यमयता श्रद्धालुओं और पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित करेगी।

### पाताल भैरवी और संकटमोचन हनुमान में उमड़ेगी श्रद्धा

सरोवर के तट पर विराजित पाताल भैरवी और संकटमोचन हनुमान जी की भव्य प्रतिमाएं इस क्षेत्र की अलौकिक पहचान हैं। मान्यता है कि हनुमान जी का एक चरण धरती पर और दूसरा पाताल में स्थित है। नववर्ष के अवसर पर श्रद्धालु यहां पूजा-अर्चना कर सुख, शांति और संकटों से मुक्ति की कामना करेंगे।

### ऐतिहासिक मूर्तियां बढ़ाएंगी धाम की गरिमा

प्राचीन धर्मशाला के जीर्णोद्धार के पश्चात यहां भगवान शिव, माता पार्वती, श्रीराम, माता सीता सहित अनेक देवी-देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। वहीं छितराखेड़ा से लाई गई प्राचीन और ऐतिहासिक मूर्तियां रोहनिया धाम की ऐतिहासिक और आध्यात्मिक विरासत को और अधिक समृद्ध बनाती हैं।

### नित्यानंद सरकार की धूनी मंदिर

बांदकपुर क्षेत्र में स्थित नित्यानंद सरकार की धूनी मंदिर साधना, तप और अखंड श्रद्धा की परंपरा के लिए प्रसिद्ध है। यहां प्रज्वलित धूनी को श्रद्धालु कल्याणकारी और मनोकामना पूर्ति का प्रतीक मानते हैं। नववर्ष के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु धूनी के दर्शन कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना करेंगे।

### अन्य धार्मिक स्थल भी रहेंगे श्रद्धालुओं से गुलजार

नववर्ष पर श्रद्धालु त्रिलोचन पहाड़ी स्थित केवलारी वाले दादा जी, बांदकपुर से लगभग पांच किलोमीटर दूर स्थित हिनौती खेर माता, गुंजी चंडी माता मंदिर, बांदकपुर की खेर माता मंदिर तथा आ मनु दमोह मार्ग पर स्थित भैरव बाबा के चबूतरे के दर्शन के लिए भी पहुंचेंगे। ये सभी स्थल देव श्री जागेश्वरनाथ महादेव से जुड़ी पौराणिक परंपराओं के कारण विशेष धार्मिक महत्व रखते हैं।

### प्रमुख आध्यात्मिक पर्यटन केंद्र

त्रिलोचन पर्वत का प्राकृतिक सौंदर्य, पाताल भैरवी की अलौकिकता, संकटमोचन हनुमान की दिव्यता, नित्यानंद सरकार की धूनी की साधना परंपरा और देव श्री जागेश्वरनाथ महादेव से जुड़ी अटूट आस्था रोहनिया धाम और बांदकपुर क्षेत्र को नववर्ष में बुंदेलखंड का प्रमुख आध्यात्मिक पर्यटन केंद्र बनाने जा रही है। श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है और नए साल के स्वागत को लेकर पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूब चुका है।

# 14 साल के अनुराज ने मैच के साथ जीता दिल



**बटियागढ़।** तहसील के ग्राम कैथोरा में चल रही पंचायत स्तरीय क्रिकेट ट्राफी में आज का मैच बकायन ओर संगरोंन के बीच खेला गया जिसमें 14 वर्ष के एक बालक ने मैच के साथ दर्शकों का दिल जीत लिया। मैच में टॉस जीतकर बकायन टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया जिसको अनुराज ने अपनी घातक गेंदबाजी से गलत साबित कर दिया मैच में 2 ओवर में 16 रन देकर 4 महत्वपूर्ण बल्लेबाज को पवेलियन भेज दिया जिससे बकायन की बल्लेबाजी तहस नहस हो गई ओर 10 ओवर में 112 रन पर ढेर हो गई। जबाब में उतरी संगरोंन टीम से देवेंद्र ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए नवाद 80 रन बनाए और अपनी टीम को 6 विकेट से जीत दर्ज कराई। मैच में मुख्य अतिथि कीरत सिंह आलमपुर ने मेन ऑफ द मैच का पुरस्कार अनुराज चौहान को दिया स्कोरर यशवंत सिंह रहे।

## विधायक पेंटिंग प्रतियोगिता का हुआ मूल्यांकन

दमोह। विधायक पेंटिंग प्रतियोगिता अंतर्गत शहर में की जा रही पेंटिंगों के मूल्यांकन हेतू समिति का गठन किया गया था जिसमें पारदर्शिता के साथ उत्कृष्ट छात्र, छात्राओं द्वारा की गयी पेंटिंग का चयन किया जा सके। समिति में निम्नांकित सदस्य आमंत्रित किये गए। मूल्यांकन समिति में प्रमोद कुमार गांगरा संयोजक विधायक पेंटिंग प्रतियोगिता, डॉ मीरा माधुरी महंत, हेमंत पाठक सचिव उन्मुक्त संस्था,उमेश तिवारी शिक्षक, श्रीमती तृप्ति जैन समाज सेवी, जिसमें सभी सदस्यों ने पेंटिंग प्रतियोगिता का मूल्यांकन सुबह 11 बजे से प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज दमोह से प्रारंभ होकर स्टेडियम की दीवार, के.एन कॉलेज की दीवार, जिला सत्र एवं न्यायधीश महोदय के निवास की दीवार, उत्कृष्ट विद्यालय की दीवार, तहसील ग्राउंड की दीवार पर चित्रकलाओ का मूल्यांकन कर जिसका समापन जसवंत भाई प्रहलाद भाई बीड़ी वाला स्कूल में समापन हुआ किया गया।

# नये वर्ष के स्वागत में संपन्न हुआ श्री दुर्गा चालीसा पाठ

## जबेरा के मंगल भवन में किया गया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जनपद पंचायत जबेरा के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग से भगवती मानव कल्याण संगठन के नेतृत्व में तथा पूज्य गुरुदेव जी श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के निर्देशन में जनपद पंचायत जबेरा के मंगल भवन में भव्य श्री दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। निर्धारित अवधि का पाठ पूर्ण होने पर पूर्ण विधि विधान से समापन किया गया समापन के अवसर पर बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी भक्त जनों ने भाग लिया एवं महाप्रसाद एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगठन की विचारधारा से ब्लॉक अध्यक्ष मालती ठाकुर, संभागीय अध्यक्ष सूजन सिंह ठाकुर, किसान मोर्चा की प्रांतीय अध्यक्ष शोभा सिंह, एवं जनपद पंचायत जबेरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रामेश्वर पटेल ने अपने विचार रखते हुए सभी को नशा मुक्त जीवन जीने की सलाह दी एवं मां भगवती जगत जननी की साधना करने को कहा कार्यक्रम में नरपत सिंह, पुष्पेंद्र पटेल, सहायक यंत्री शिवाजी, किशोरी नामदेव, धर्मेंद्र रजक ,राजकरण वर्मा, मंथन प्रजापति ,के साथ सभी अधिकारी कर्मचारी साथ ही सरपंच सचिव एवं बड़ी संख्या में भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। अंतिम चरण में सभी ने शक्ति जल रूपी प्रसाद प्राप्त किया कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश अहिरवार के द्वारा किया गया।

# श्री कृष्ण की जन्मोत्सव की कथा सुनाई

**हिंडोरिया।** मेहलवार माता मंदिर प्रांगण में चल रही श्री मद भागवत कथा के चौथे दिन श्री कृष्ण जन्मोत्सव हर्षौल्लाश के साथ मनाया गया । कथा में बामन अवतार, समुद्रमंथन ,श्री राम कथा और भगवान श्री कृष्ण के जन्म के प्रशंग का वर्णन किया गया। भक्तों ने नन्द के घर आनन्द भयो के जयकारे लगाए सुन्दर झाकियां सजाई गई और गुड़ के लाडू प्रसाद स्वरूप में वितरित किया गए। कथावाचक अर्पिताचार्य महाराज ने कहा कि जब जब अत्याचार, अनाचार और अन्याय बढ़ता है तब तब भगवान का अवतार होता है भगवान विभिन्न रूपों में अवतार लेकर अत्याचार को समाप्त कर धर्म की स्थापना करते है उन्होंने आगे कहा कि मनुष्य का जीवन संस्कारों से ही महान बनता है संस्कार मनुष्य के जीवन को दिशा देने और समाज को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक है,संस्कार व्यक्ति के चरित्र, व्यवहारों और मूल्यों को आकर देते है जिससे वह एक जिम्मेदार उपयोगी नागरिक बन सके। आगे कहा जिस तरह रामायण हमे भगवान राम के जीवन से प्रेरणा वा मर्यादा में रहने की सीख देती है उसी तरह भागवत ग्रन्थ भी हमे बड़े का आदर सत्कार माता_पिता की सेवा करना के लिए प्रेरित करता है भागवत कथा सुनान जितना पुण्य प्राप्ति का माध्यम है उतना ही इसका आयोजन करना भी है। इसके सुनने बालों पर श्री हरि विष्णु की कृपा बनी रहती है और उसके जीवन की सभी समस्याओं का निवारण होता है जगत के पालन हार की कृपा से व्यक्ति के जन्म जन्मांतर के पाप नष्ट हो जाते है और जीवन में प्रगति, समृद्धि खुशहाली के द्वार खुल जाते है। उन्होंने श्रद्धालुओं से कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ साथ संस्कार भी देने चाहिए क्योंकि संस्कारों से ही समाज और राष्ट्र की उन्नति होती है। कथा वाचक ने आगे भगवान श्री कृष्ण के जन्म की कथा सुनते हुए कहा कि जब देवकी के आठवें पुत्र के रूप में श्री कृष्ण का जन्म कंस की कारागार में हुआ तो उनके जन्म के समय कारागार के सभी द्वार अपने आप खुल गए सारे पहरेदार निंद्रा में चले गए वासुदेव बालक कृष्ण को टोकरी में रखकर यमुना नदी पार कर गोकुलु के गए और वहां नन्द की पत्नी यशोदा के यहां योगमाया नवजात कन्या ने जन्म लिया था उसके स्थान पर बालक कृष्ण को रख दिया और कन्या को लेकर वापिस आ गए। सुबह होते ही गोकुल में आनंद की कहर दौर गई कथा स्थल पर ढोल नगाड़े बजने लगे आतिशबाजी होने लगी महिलाएं मंगल गीत गाने लगी ₹नन्द के घर आनन्द भयो जय कन्हैया लाल की के गगनभेदी नारे पूरे पंडाल में गूंजने लगे इसके साथ ही वासुदेव यशोदा और श्री कृष्ण के बाल रूप की सुंदर झाकी सजाई गई। प्रसाद में गुड़ के लड्डुओं का वितरण किया गया। उक्त अवसर पर भारी भीड़ रही।

## सुंदर लाल दुबे का निधन

**हिंडोरिया।** ग्राम बनगांव राधा रमण मंदिर दमोह के पुजारी शिवप्रसाद दुबे, नारायण प्रसाद दुबे, मोहनलाल दुबे, राजाराम दुबे के पिता सुन्दरलाल दुबे का 80 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है उनकी अंतिम शव यात्रा में सभी वर्गों के लोगों ने भाग लेकर मृतक को शोक श्रद्धांजलि अर्पित की।

# क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आयोजन शुरु



**हिनौताकलां।** ग्राम मुहरई (हटा) में 30 जनवरी से शुरु हुए क्रिकेट टूर्नामेण्ट का उद्घाटन मैच पन्ना धाखड़ और ओम इलेवन कटनी के बीच खेला गया। जिसमें पन्ना की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैंसला लिया कटनी टीम ने बैटिंग करके 191 रनों का लक्ष्य दिया। पन्ना टीम जबाब में 164 रन ही बना पाई और 27 रन से हार का सामना करना पड़ा। आयोजक मायाराम पटेल, सुनील गुड़ारे, रवि पटेरिया, गिरीश पटेल, योगेश गुड़ारे, राजेश पटेल,सुरेंद्र पटेल, महेन्द्र पटेल, महेंदु दहिया, महेश दाहिया, अखिलेश दहिया, करंजु बंसल सहित ग्रामवासियों ने सम्मिलित होकर अतिथियों, खिलाड़ियों एवं क्रिकेट प्रेमी दर्शकों की उपस्थिति में टूर्नामेण्ट को प्रारंभ कराया। अतिथियों में लीलाधर पटेल जी, हर्ष पटेल हिनौता, गोपाल पटेल दादपुर, जयकुमार असाटी, रणधीर दाहिया, हेमंत चौकरया, वीरेन्द्र रुरया (भैंसा) सम्मिलित रहे। कामेंटेटर अरविंद पटेल, दशरथ बिढुआ और बलराम पटेल द्वारा बारी-बारी से आंखों देखा हॉल सभी दर्शकों सुनाया गया।

# सांस्कृतिक प्रतिभा कार्यक्रम अनुगूंज ने दर्शकों का मन मोहा

### भविष्य में यह मंच विद्यार्थियों को राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तकपहुँचाने में सहायक सिद्ध होगा-कलेक्टर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले की छुपी हुई उन सांस्कृतिक प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से एक अभिनव पहल जिला प्रशासन द्वारा की गई। इस पहल के अंतर्गत 'अनुगूँज 2025' नाम से जिले का पहला सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थानीय पीजी महाविद्यालय दमोह में आयोजित किया गया। सांकृतिक कार्यक्रम में जिले की विभिन्न संस्थाओं के छात्र-छात्राओं के भाग लिया और एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी, जिसे दर्शकों ने इन प्रतिभाओं की सराहना की और शुभकामनायें दी। कार्यक्रम में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मंजू धर्मेन्द्र कटारे, संगीता श्रीधर, सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा, राजीव अयाची, हरीश पटैल सहित बड़ी संख्या में आमजन, दर्शकगण मौजूद थे।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा जिले में अनेक ऐसे विद्यार्थी हैं जो गायन, नृत्य, कविता पाठ सहित विभिन्न सांस्कृतिक विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं, उन सभी प्रतिभावान विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उन्हें एक उचित मंच मिला। ₹अनुगूंज₹ के माध्यम से सरकारी एवं निजी स्कूलों, कॉलेजों के विद्यार्थियों ने मंच साझा किया । जिले से चयनित लगभग 30 सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ हुई हैं। इन प्रस्तुतियों में विभिन्न क्षेत्रों के विद्यार्थियों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा जिले में अपनी तरह का पहला प्रयास किया गया है और भविष्य में यह मंच विद्यार्थियों को राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और शुभकामनायें दी।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष मंजू धर्मेंद्र कटारे ने कहा पीजी कॉलेज में डांस, सॉन्ग, कविता और इंस्ट्रूमेंट्स इन सबका अद्भुत संगम 'अनुगूँज 2025' कार्यक्रम में देखने को मिला है। इस कार्यक्रम से बच्चों को इतना अच्छा मंच मिला है, इतने अच्छे टैलेंट उभर के आये हैं, आज यह एक छोटा कार्यक्रम नहीं, यह एक बहुत ही बड़ा कार्यक्रम है, जिसमें बच्चों का टैलेंट उभर के आया है और आज हम सबको पता चल रहा है, कि हमारे जिले में भी कितना टैलेंट भरा हुआ है। उन्होंने कहा इसके लिए मैं कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर को बहुत धन्यवाद देना चाहती हूँ। उनके माध्यम से यह कार्यक्रम सफल हो पाया और बच्चों को इतना अच्छा मंच मिला ।

नरेन्द्र बजाज ने कहा आज अनुगूंज 2025 हमारे स्थानीय शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में यह कार्यक्रम हुआ। मुझे बहुत खुशी है कि दमोह की एक नवोदित पीढ़ी जो गायन, वादन और नृत्य के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही, खासतौर से जिला प्रशासन कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर और स्कूली शिक्षा विभाग के सहयोग से यह एक बहुत अद्भुत कार्यक्रम हुआ।

संगीता श्रीधर ने कहा अनुगूंज जिले की प्रतिभाओं को एक शानदार मंच देने के लिए कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर एवं पूरे जिला प्रशासन की यह अनूठी पहल है, जो वास्तव में प्रशंसनीय है। आज यहाँ देखा कि स्थानीय कलाकारों के द्वारा विभिन्न प्रकार के नृत्य, वादन, कविता और बहुत से रोमांचक कार्यक्रम किए गए। इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूँ मैं पूरे जिला प्रशासन के लिए, इतना शानदार मंच स्थानीय कलाकारों को देने के लिए।

डीपीएस स्कूल की प्रतिभागी छात्रा विशाखा पालीवाल ने कहा मेरे शिक्षक तपन कुमार साहू है और मेरे द्वारा ओड़िशी नृत्य प्रस्तुत किया गया और मुझे यह मंच पाकर बहुत अच्छा लगा। छात्रा भूमि ने कहा यह मंच पाकर हमको बहुत अच्छा लगा और मैं चाहती हू ऐसा मंच हमको मिलता रहे जिससे हम आगे भी परफॉर्मेंस कर पाए।

केंद्रीय विद्यालय की छात्रा पूर्णिमा कटहरे ने कहा, यहाँ आज अनुगूँज कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यक्रम बहुत अच्छा था, मैंने यहाँ प्रस्तुति दी, मुझे बहुत अच्छा लगा और ऐसे ही कार्यक्रम आगे होते रहें मैं ऐसी प्रार्थना करती हूँ। उन्होंने जिला प्रशासन को ऐसे प्रोग्राम कराने के लिए धन्यवाद दिया। इसके अलावा विभिन्न संस्थाओं के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम की सराहना की और इस तरह के कार्यक्रम जिले में होते रहने का जिला प्रशासन से आग्रह किया है।

### 3 महीने के बाद भी कार्यवाही नहीं

# अवैध उत्खनन के खिलाफ तहसीलदार को दिया ज्ञापन

**जबेरा।** जबेरा जनपद पंचायत के ग्राम नोहटा में गौशाला के पास हो रहे अवैध उत्खनन केखिलाफ भगवती मानव कल्याण संगठन के सदस्यों के द्वारा मंगलवार दिनांक 30 दिसंबर 2025 को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के नाम पर तहसीलदार जबेरा को एक ज्ञापन दिया गया जिसमें मांग की गई है कि नोहटा निवासी लकी उर्फ अंकुर जैन के द्वारा अवैध मुरम एवं अवैध पत्थरों का उत्खनन लगातार किया जा रहा है जिस संबंध में दिनांक 20 सितंबर 2025 को



संगठन के पदाधिकारीयो द्वारा पुलिस थाना नोहटा एवं तहसीलदार महोदय को सूचना देकर के जेसीबी एवं ट्रैक्टर पकड़वाये थे जिन्हें नायब तहसीलदार राजेश साहू के द्वारा मौके पर पंचनामा बनाकर के जप्त किए गए थे । देखने में आ रहा है कि लकी उर्फ अंकुर जैन से जप्त किए गए ट्रैक्टर एवं जेसीबी मशीन को बिना कोई कार्यवाही किए ही छोड़ दिया गया है जिससे आज भी लकी उर्फ अंकुर जैन के द्वारा अवैध उत्खनन का कार्य गौशाला के पास बे धड़क अनवरत रूप से किया जा रहा है अवैध रूप से उत्खनन की गई मु रम एवं पत्थरों से जलाशय एवं विद्युत मंडल परिसर में हजारों ट्राली का पूरा ब किया गया है। सरे आम किए जा रहे अवैध उत्खनन पर आज दिनांक कार्यवाही न होने से ऐसा प्रतीत होता है की कहीं यह कार्य अधिकारियों एवं नेताओं की मिली भगत से तो नहीं किया जा रहा है? आज पुनः भगवती मानव कल्याण संगठन ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से मांग करता है कि दोषियों के ऊपर तत्काल ही विधि सम्मत कार्यवाही करने की दया करें। निवेदन है कि भगवती मानव कल्याण संगठन के सदस्यों को पूर्व की भांति गुमराह ना किया जावे की कार्यवाही हो रही है परंतु आज दिनांक तक किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही, लकी उर्फ अंकुर जैन के विरुद्ध नहीं की गई है। यदि सात दिवस के अंदर कार्यवाही नहीं होती है तो तहसील प्रांगण जबेरा में विशाल धरना प्रदर्शन किया जावेगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेवारी तहसीलदार महोदय की होगी।

**खबर संक्षेप**

## शशि बाईसा बनी करणी सेना क्षत्राणी की प्रदेश संरक्षक एवं जिला अध्यक्ष

**दमोह।** मध्य प्रदेश करणी सेना क्षत्राणी द्वारा दमोह जिला निवासी शशि बाईसा को प्रदेश संरक्षक एवं दमोह जिले का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है उनकी इस नियुक्ति से दमोह जिले में अत्यंत हर्ष व्याप्त है अनेक वर्षो से सामाजिक सेवा का संकल्प लेकर मातृशक्ति को प्रोत्साहित करने वाली शशि बाईसा अब करणी सेना क्षत्राणी मध्य प्रदेश को अपना मार्गदर्शन प्रदान करेंगी उनकी इस उपलब्धि पर उनके शुभचिंतकों में अत्यंत प्रसन्नता व्याप्त है और उन्हें निरंतर शुभकामनाएं प्राप्त हो रही है। इस नियुक्ति पर शशि बाईसा ने कहा कि मैं करणी सेना क्षत्राणी मध्य प्रदेश की आभारी हूं कि उन्होंने मुझे प्रदेश में संरक्षक और दमोह जिले के अध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है मेरा प्रयास रहेगा कि मैं संगठन को और अधिक सशक्त और मजबूत बना सकूं आने वाले समय में संगठन की नीति और जनहितैषी कार्यों को जन-जन तक पहुंच कर लोगों को जोड़ने का प्रयास रहेगा। आप सभी के द्वारा प्राप्त शुभकामनाएं हेतु सदैव आभारी रहूंगी।

### नई उम्मीदें व विश्वास के साथ नववर्ष का स्वागत

# अलविदा 2025, सुस्वागतम 2026





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

वर्ष 2025 अब अलविदा कह कर चला गया। अपनी खट्टी मीठी यादें देकर किसी को रुलाकर तो किसी को हंसाकर, किसी ने इस वर्ष बुलंदियों को छुआ तो कोई अर्श से फर्श पर आ गया। 2025 को लोगों ने अपने-अपने तरीके से विदाई दी। नववर्ष 2026 का आगाज रात्रि 12 बजे से युवाओं ने अपनी मस्ती में टोलियों के साथ नाच गाकर किया। तो वहीं अनेक लोगों ने तीर्थ स्थल पर पहुंचकर अपना नया वर्ष का शुभारंभ किया। अलग अलग अंदाज में, सोशल मीडिया पर तस्वीर शेयर कर व आनलाइन आयोजन कर नये वर्ष की खुशियां मनाई गई। नये वर्ष 2026 के स्वागत के साथ हर वर्ग की अपनी अलग उम्मीदें है। नये वर्ष के आगाज के पूर्व ही कोहरा व शीतलहर चलने के आसार दिखने लगे थे। आज साल के पहले दिन भी ठंड व कोहरे से भरी होने वाली है।

### तीर्थस्थलों पर पहुंचे रहे लोग, पहले दिन खास बनाने पर्यटन स्थलों पर पहुंचेंगे लोग

दमोह। नववर्ष 2026 मनाने जहां एक ओर युवाओं की टोली मौज मस्ती एवं पिकनिक मनाने की तैयारी में व्यस्त नजर आई। वहीं हजारो की भीड़ नया वर्ष का शुभारंभ ईश्वर की आराधना से करने तीर्थस्थलों पर जुटी। विश्वप्रसिद्ध जैन तीर्थ स्थल कुंडलपुर में रात्रि कालीन सांसकृतिक कार्यक्रम आयोजित होने से 31 दिसंबर की रात्रि में ही धर्मावलंबी भारी संख्या में पहुंचे जो अपना नववर्ष का शुभारंभ बड़े बाबा की आराधना से कर नववर्ष के आनंद के साथ ही पुण्य लाभ भी अर्जित करेंगे। वहीं जागेश्वर धाम बांदकपुर में भी नववर्ष मनाने लोगों की भीड़ पहुंचना शुरु हो गई थी। इसी तरह जिले के रमणीक स्थल रानी दुर्गावती अभ्यारण, सिंगौरगढ़ किला, सदभावना शिखर, बाबन बजरिया, प्रसिध्द जलप्रपात निदान कुंड, नजारा पाइंट,के साथ धार्मिक सिध्दक्षेत्र जोगनकुंड, नोहटा के नोहलेश्वर शिव मंदिर, जैन तीर्थ आदिश्वरगिरि, ग्राम चंडी चौपरा के जैन प्राचीन अतिशयक्षेत्र श्री शांतिनाथ मंदिर, जरारुधाम, गौमुखधाम मडियादो के रमणीक स्थलों पर पहुंचकर नववर्ष का आनंद लेने समूहो में पहुंचना शुरू हो गये है।



### साल के आखिरी दिनों में दिखा घना कोहरा

साल 2025 के अंतिम दिनों में रविवार को सुबह से चारो तरफ जबरदस्त कोहरा देखा गया। वहीं ठंड के लिहाज से देखा जाये अंतिम दिन न्यूनतम तापमान 6.8 दर्ज किया गया वहीं अधिकतम तापमान 26.4 डिग्री दर्ज किया गया।


# आज बड़े बाबा के दर्शन कर मन गदगद हो गया: मुनि श्री प्रमाण सागर जी

### पूज्य मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज की ससंघ कुण्डलपुर में हुई भव्य मंगल अगवानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह







युगश्रेष्ठ महासमाधिधारक संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज, विद्या शिरोमणि आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के परमप्रभावक शिष्य गुणायतन, विद्या प्रमाण गुरुकुलम प्रणेता,शंका समाधान, भावना योग, मंगलभावना प्रवर्तक परमपूज्य मुनि श्री प्रमाणसागर जी महाराज ससंघ की भव्य मंगल अगवानी कुण्डलपुर में हुई। प्रचारमंत्री जयकुमार जलज ने बताया कि मुनिश्री संघ सहित कुंडलपुर पहुंचते ही सीधे पर्वत चढ़ाई मार्ग से बड़े बाबा मंदिर पहुंचे चढ़ाई मार्ग पर चलते हुए मुनि श्री ने अपने संघस्थ साधुओं को को मार्ग के दोनों ओर लगे वृक्षों एवं पूरे पहाड़ी क्षेत्र पर लगे वृक्षों की श्रृंखला को दिखलाते हुए बताया कि यहां सदा हरियाली रहती है यह पूज्य गुरुदेव की ही सोच का परिणाम है ।मुनि श्री ने सीधे बड़े बाबा मंदिर जाकर पूज्य बड़े बाबा केससंघ दर्शन किए और वहां से शंका समाधान के सत्र में सम्मिलित हुए। जहां पर मुनि श्री ने अपना मंगल आशीष देते हुए कहा कि आज बड़े बाबा के चरणों में आते हुए हमारा एवं सभी का मन बहुत उत्साहित था ।आज बड़े बाबा के दर्शन कर मन गदगद हो गया ।बड़े बाबा को अपने में समाए हुए गुरुदेव का दर्शन मुझे हुआ ।यह क्षेत्र परम पूज्य गुरुदेव का ऋणी है गुरुदेव ने सहस्त्रों वर्ष के लिए इस क्षेत्र को संरक्षित कर दिया ।कितनी कठिनाइयां आई, कितना संघर्ष झेलना पड़ा, गुरुदेव के आशीर्वाद से और पूज्य बड़े बाबा के वरदान से सब कुछ ठीक-ठाक हो गया ।पहले के कुंडलपुर और आजके कुंडलपुर में बहुत अंतर है ।जब भगवान का गगन विहार हो रहा था मैं यहां नहीं था कोलकाता में था पर मेरी आत्मा यही थी। सबके मन में डर था शंका कुशंकाएं थीं। लेकिन कमेटी तत्परता से लगी रही ।इस धरा पर एक ही आत्मा निशंकित थी ।वह निशंक होकर पूज्य बड़े बाबा का गगन विहार देखते रहे ।इस वाक्या को 20 साल हो जाएंगे। गुरुदेव कभी विचलित नहीं हुए उन्होंने सदैव कहा चिंता मत करो बड़े बाबा सब ठीक कर देंगे सब ठीक हो जाएगा। 2022 का महोत्सव भी बड़े बाबा की कृपा से अच्छी तरह होगा गुरुदेव ने कहा ।गुरुदेव तो दिव्य दृष्टा थे बड़े बाबा का स्थानांतरण आवश्यक था। किसी ने भी इसको नहीं भापा इसको एक ही शख्सियत गुरुदेव जिन्होंने यह निर्णय ले लिया ।यहां जो कुछ भी हुआ है वह बड़े बाबा और छोटे बाबा का आंतरिक संवाद का फल है। उन्होंने कल्प वृक्ष सोंपा है ।सभी को इसको सबसे खूबसूरत जगह बनाना है ।भारत सरकार किसी भी अतिथि को लेकर आए तो ताजमहल बाद में पहले यहां लाने का विचार बनाएं ।इसे ऐसा विकसित करना ।भव्य विशाल मंदिर बनाया गया यहां की भव्यता देखते बनती है। इतने में संतुष्ट होना पर्याप्त नहीं है। इसे भारत का सबसे सुंदर धर्म स्थल के रूप में प्रतिष्ठित करना चाहिए ।आज मन बहुत गदगद है। मुनिश्री की अगवानी में प्रवेश द्वार पर कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी ने पाद प्रक्षालन किया अगवानी में गौरझामर दिव्या घोष एवं अखाड़ा पथरिया विरागोदय महिला मंडल 60 सदस्य टीम, हटा से कलश लिए हुए महिला मंडल, जिन शरण विद्या विराग महिला मंडल दमोह ,जैन मिलन दमोह नेमीनगर शाखा, जिनवाणी महिला मंडल, महिला परिषद, सिंघई महिला मंडल दमोह वाद्य यंत्रों के साथ, कांच मंदिर महिला मंडल ,भाई जी मंदिर महिला मंडल, राजीव नगर कॉलोनी महिला मंडल, टंडन बगीचा महिला मंडल, सुधा कलश महिला मंडल पारंपरिक वेशभूषा में आकर्षण का केंद्र रहा ,चौधरी मंदिर 60 सदस्य महिला मंडल, णमोकार महिला मंडल ,बड़ा मंदिर महिला मंडल ,आदर्श जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा अगवानी प्रभारी, पाटन धमाल पार्टी, मुड़िया बैंड पार्टी ,पटेरा के युवा धर्म ध्वज के साथ ,पलंदी मंदिर प्रतिभा मंडल ,नसिया महिला मंडल, जैन मिलन वरिष्ठ शाखा के साथ, बड़े मंदिर ,चौधरी मंदिर और अन्य पाठशालाओं के बच्चे भी अगवानी में शामिल थे। बड़ी संख्या में देश के कोने-कोने से आए हुए श्रद्धालु भक्तगण अगवानी में चल रहे थे पटेरा से लेकर बड़े बाबा मंदिर परिसर तक पूरे रास्ते में रंगोली की दिव्या छठ देखते ही बनती थी । यहां पर पूर्व में विराजित पूज्य मुनि अनुपम सागर जी पूज्य मुनि संयम सागर जी एवं माता जी ने मुनि संघ की अगवानी की और पूर्णयु के सामने परिक्रमा लगाकर अभिवादन किया, नव वर्ष 2026एक जनवरी को प्रातः पूज्य बड़े बाबा मंदिर परिसर में भावना योग सुबह 8:30 से 9:30 और पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, शांतिधारा, भक्तामर महामंडल विधान, पूजन विधान का कार्यक्रम के साथ नए वर्ष का शुभारंभ श्रद्धालु भक्त करेंगे । शंका समाधान का कार्यक्रम भी आयोजित होगा। रात्रि में 8:00 बजे से सुप्रसिद्ध गायक नीलेश जैन म्यूजिकल ग्रुप बुढ़ार के कलाकारों द्वारा भव्य भक्ति संध्या के आयोजन मैं श्रद्धालु भक्तों ने भक्ति गीतों का भरपूर आनंद लिया और पूज्य बड़े बाबा की महा आरती की।

# इंस्पायर अवार्ड मानक की राष्ट्रीय प्रदर्शनी में दमोह के दो मॉडलों का चयन

### इंदौर में हुए राज्य स्तरीय आयोजन में दमोह के पांच प्रतिभागियों ने लिया भाग, इस वर्ष रिकार्ड 2000 से अधिक विद्यार्थियों ने अपने प्रोटोटाइप का किया था रजिस्ट्रेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड मानक योजना में सरदार पटेल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह से भुवनेश्वरी चक्रवर्ती एवं हायर सेकेंडरी स्कूल सोजना, विकासखंड पटेरा से राजा प्रजापति के मॉडलों को राष्ट्रीय स्तर के लिए चुना गया है। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में इस वर्ष रिकार्ड 2000 से अधिक विद्यार्थियों ने अपने प्रोटोटाइप का रजिस्ट्रेशन किया था। उन्होंने विद्यार्थियों को शुभकामनायें एवं बधाई दी है। राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड मानक प्रदर्शनी 2025 का आयोजन 29 एवं 30 दिसंबर 2025 को अशासकीय गुजराती इंग्लिश मीडियम स्कूल स्कीम नंबर 54 इंदौर में किया गया। इस कार्यक्रम में दमोह जिले के पांच प्रतिभागी विद्यार्थी सम्मिलित हुए जिनमें शासकीय सरदार पटेल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह से भुवनेश्वरी चक्रवर्ती, सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल पथरिया से पुष्पेंद्र साहू, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोजना पटेरा से राजा प्रजापति, शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय सोजना,पटेरा से दीपेंद्र कुम्हार एवं TAS स्कूल दमोह से काशिफा अली ने सहभागिता की। चयनित भुवनेश्वरी चक्रवर्ती के मॉडल का शीर्षक ₹पानी पीने के नलों के लिए एडवांस सुरक्षा कवर₹ है। पानी पीने के नलों पर इस कवर को लगाने से नल पूरी तरह से सुरक्षित होंगे पशु- पक्षी इसे गंदा नहीं करेंगे, मक्खी मच्छर नहीं पनपेगे जिससे पानी पीने वाले लोगों को इंफेक्शन एवं अन्य बीमारियों का खतरा नहीं होगा। एडवांस सुरक्षा कवर विशेष रूप से विद्यालय, अस्पताल एवं मंदिरों में लगाया जा सकता है यह बहुत ही सस्ता एवं सरल उपाय है जिसे आसानी से उपयोग भी किया जा सकता है। इसी तरह चयनित दूसरे विद्यार्थी राजा प्रजापति ने ट्रेन्जर मशीन का मॉडल बनाया जो श्रमिकों के लिए बहुत ही उपयोगी है। भारी सामान लाने ले जाने में इसका उपयोग श्रमिक आसानी से कर सकेंगे जिससे उन्हें पीठ एवं गर्दन में दर्द नहीं होगा, इसमें फोल्डेबल छाता ,पंखा, टॉर्च और मोबाइल चार्जिंग के साथ प्राथमिक चिकित्सा किट भी लगाई गई है। अब यह दोनों प्रतिभागी विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर अपने मॉडल का प्रदर्शन करेंगे इसके लिए भारत सरकार से उन्हें 25-25 हजार रुपए की राशि भी प्राप्त होगी । विद्यार्थियों की इस विशिष्ट उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी एस के नेमा, डीपीसी मुकेश द्विवेदी,एडीपीसी शैलेंद्र असाटी, जिला विज्ञान अधिकारी मोहन राय, डॉ आलोक सोनवलकर एवं समस्त संस्था परिवार ने सभी विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। मार्गदर्शी शिक्षकों में प्रमुख रूप से प्राचार्य सुलक्षणा हजारी, सोजना प्राचार्य अर्चना पटेल, मार्गदर्शी शिक्षक बहादुर सिंह ठाकुर सरदार पटेल स्कूल दमोह, सूर्यकांत कोरी हायर सेकेंडरी स्कूल सोजना ,आशीष कुमार पटेल सरस्वती शिशु मंदिर पथरिया एवं प्राची परिहार Tas school damoh ने बहुत ही शानदार तरीके से भूमिका का निर्वहन किया। प्रतिभागी विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने में सभी मार्गदर्शी शिक्षकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### विज्ञान मेले का आयोजन

दमोह। राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के आदेश एवं निर्धारित समय सारणी के पालन में जन शिक्षा केंद्र स्तरीय विज्ञान मेले का आयोजन शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला भिलौनी में किया गया। विभिन्न स्कूलों से आए हुए विद्यार्थियों ने मॉडल प्रदर्शित किये। चयनित विद्यार्थियों को गंगाराम पटेल, बीएसी अखिलेश खटीक, जनशिक्षक केशव रैकवार ने सम्मानित किया।



## पिकअप लोडर की चपेट में आया युवक व मासूम, इलाज जारी

**जबेरा।** ग्राम में मंगलवार के दिन साप्ताहिक बाजार का आयोजन किया जाता है। साप्ताहिक बाजार में अव्यवस्थित यातायात एवं सड़क के दोनों किनारो पर लगे सब्जी के ठेलो ने एक बार फिर प्रशासनिक लापरवाही को उजागर कर दिया । बाजार के बीच से गुजर रही मुख्य सड़क पर दमोह की ओर से आ रही एक लोडर पिक अप वाहन ने बाइक सवार दो लोगों को जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद बाजार क्षेत्र में आफरा तफ़री मच गई एवं कुछ समय के लिए यातायात पूरी तरह ठप्प हो गया। जानकारी के अनुसार जबेरा के नजदीकी ग्राम गिद् रा निवासी 18 वर्षीय अभिषेक दिक्षित अपने साथ 5 वर्षीय मासूम बच्ची को लेकर साप्ताहिक बाजार से खरीदी कर बाइक से अपने घर लौट रहे थे। बाजार के चलते मुख्य सड़क के दोनों ओर ठेले एवं दुकाने लग जाने के कारण सड़क पर वाहन निकालने के लिएकाफी कम जगह रह जाती है इसी दौरान तेज गति एवं लापरवाही से गुजर रहे लोडर बहन ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे युवक एवं बच्ची दोनों सड़क पर गिर गए तथा घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा पहुंचा या जहां पर ड्यूटी रत डॉक्टर रवि यादव के द्वारा इनका इलाज किया गया। चिकित्सा के अनुसार दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है एवं आवश्यक उपचार जारी है। हादसे की सूचना मिलते ही जबेरा पुलिस मौके पर पहुंची एवं पिकअप वाहन को कब्जे में लेकर के मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# हटा पुलिस ने ईट भट्टे से पकड़ी 9 पेटी देशी शराब



हटा। पुलिस अधीक्षक श्री श्रुतकीर्ति सोमवंशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया, एसडीओपी प्रशांत सिंह सुमन, के मार्गदर्शन में अवैद्य शराब के विरूद्ध कार्यवाही हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है जहां हटा थाना अंतर्गत विगत मंगलवार की रात मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी सुधीर बेगी ने पुलिस स्टाफ के साथ पहुंचकर ग्राम इटवा हीरालाल में ईट भट्टे के बीच रखी ना पेटी देशी शराब को पकड़ने में सफलता प्राप्त की। थाना प्रभारी सुधीर बेगी ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की थाना क्षेत्र के इटवा हीरालाल गांव में एक व्यक्ति अपने खेत में अधिक मात्रा में अवैध शराब रखे हुये है जहां मुखबिर की सूचना तस्दीक करने पर ग्राम इटवा हीरालाल निवासी त्रिलोक सींग लोधी अपने घर के सामने लगे अपने ईंट भट्टा के पास अन्य दो लोगो के साथ खड़ा दिखा जो पुलिस को पास आता देख त्रिलोक सींग लोधी एवं अन्य दो लोग ईंटो के भट्टे से भागने लगे जिन्हें हमराह स्टाफ की मदद से पकड़ने का प्रयास किया जो अंधेरे में दौड़कर भाग गये दस्तयाब नहीं हुये बाद हमराह स्टाफ एवं राहगीर साक्षी की मदद से त्रिलोक सींग के भट्टे की तलाश की जो भट्टे के मध्य खाली जगह बनाकर उसमें चारे से अधढकी 9 पेटी खाकी रंग के कार्टून दिखे जिन्हें स्टाफ एवं साक्षी की मदद से ईंटो के बीच से निकाल कर प्रत्येक पेटी को खोलकर चैक किया जिसमें प्रत्येक कार्टून मे 50 पाव लाल मसाला शराब के शीलबंद मिले जो 09 कार्टून (पेटी) में रखी शराब 450 पाव व 81 लीटर कीमती 45,000/- रुपये की जप्त कर आरोपी त्रिलोक सींग लोधी निवासी इटवा हीरालाल एवं अन्य दो आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत घटित करना पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। इस कार्यवाही में उपनिरीक्षक नरेन्द्र तिवारी, प्रआर. लाल बहादुर, प्रआर, भगवानदास दाहिया, आर. संजय, आर. रत्नेश तिवारी, आर. विजय, सैनिक राजेन्द्र, आरक्षक पवन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।


## बहन के घर जा रहे युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत

### सिर फटने से पहचान तक मुश्किल

**बनवार।** दमोह–जबलपुर स्टेट हाईवे पर बुधवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में 22 वर्षीय बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। नोहटा थाना क्षेत्र के हथिनी गांव के पास बहन के घर जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक का सिर फट गया, जिससे उसकी पहचान करना भी मुश्किल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही नोहटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त के प्रयास शुरू किए। पहचान होने के बाद शव को जिला अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया। मृतक की पहचान अमृत अहिरवार (22 वर्ष), पिता देवकरण अहिरवार, निवासी भाट बमोरी, थाना बटियागढ़ के रूप में हुई है। मृतक के चाचा पवन अहिरवार ने बताया कि अमृत दमोह स्थित एकलव्य विश्वविद्यालय में पढ़ाई करता था। बुधवार सुबह वह गांव से कॉलेज आया था और दोपहर में अपनी बहन के घर दतला गांव जा रहा था। इसी दौरान हथिनी गांव के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन जिला अस्पताल पहुंचे, जहां बेटे की मौत से परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक के परिवार में दो भाई और एक बहन हैं। नोहटा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। गुरुवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

## कच्चे घर मे लगी आग

### मड़ियादो पुलिस मौके पर ,आग पर काबू पाया



**मडियादो ।** थाना क्षेत्र के इंदिरा कॉलोनी में बुधवार दोपहर एक कच्चे घर में अचानक आग लग गई, आसपास के लोगों ने घर में आग लगी देख आज पर काबू पाने का प्रयास किया साथ ही मडियादो थाना पुलिस को भी आगजनी की सूचना दी,जिसके बाद डायल 112 पायलट नीरज कुमार और आरक्षक खेमराज मौके पर पँहुचे, हटा से दमकल टीम मौके पर पहुंची और आग पर पूरी तरह से काबू पाया, पीड़ति रख्खू प्रजापति पिता आशाराम के घर मे आग लगने से साइकिल और गृहस्थी का अन्य सामान जलकर खाक हो गया...घर मे आग लगने का कारण फिलहाल अज्ञात है।

## 6 महीने से राशन गायब, अभाना-तेंदूखेड़ा मार्ग पर ग्रामीणों ने किया चक्का जाम

बनवार। दमोह जिले की जबेरा तहसील की नोहटा लीड समिति की खमरिया मौजी सेवा सहकारी समिति की राशन वितरण प्रणाली में गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। बिजौरा, रोहनी और खमरिया मौजी गांवों के ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले लगभग छह महीनों से उन्हें सरकारी खाद्यान्न नहीं मिल रहा। लगातार उपेक्षा और शिकायतों के अनुत्तरित रहने के चलते ग्रामीणों ने आज दोपहर अभाना–तेंदूखेड़ा मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर दिया, जिससे कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि राशन दुकानों के सेल्समैन नियमित रूप से दुकान नहीं खोलते और कुछ लोगों को ही राशन देकर अन्य हितग्राहियों को टालते रहते हैं। उनका यह भी कहना है कि कई बार सेल्समैन शराब के नशे में दुकान पर आता है और ग्रामीणों के साथ दुर्व्यवहार करता है। मात्र ग्रामीण ही नहीं, बल्कि स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में मध्याह्न भोजन वितरण करने वाले समूह संचालकों को भी करीब दस महीनों से खाद्यान्न नहीं मिला, जिससे बच्चों के पोषण पर असर पड़ा है। इस गंभीर कमी ने प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। चक्का जाम की सूचना मिलते ही नोहटा थाना प्रभारी अभिषेक पटेल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से चर्चा कर स्थिति को नियंत्रित किया। इसके बाद समिति प्रबंधक कौदु सिंह और फूड इंस्पेक्टर आदित्य दहिया भी मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी। आदित्य दहिया ने बताया कि खमरिया मौजीलाल की राशन दुकान में शिकायतों को सही पाया गया है। उन्होंने कहा कि तत्काल राशन हितग्राहियों को वितरण किया गया और यदि राशन की कमी होती है तो सेल्समैन की एफडी राशि में से क्रय कर सभी को वितरित किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि शराब पीकर काम करने वाले सेल्समैन के खिलाफ समिति ने पद से पृथक करने हेतु प्रस्ताव (ए.आर.) भेजा है। जांच के दौरान नायब तहसीलदार राजेश साहू भी मौके पर उपस्थित रहे। बता दें कलेक्टर द्वारा पहले ही राशन दुकानों की सतत निगरानी के निर्देश दिए गए थे, लेकिन जमीनी स्तर पर निगरानी की कमी साफ दिखाई दी। इसका खामियाजा गरीब और जरूरतमंद ग्रामीणों को भुगतना पड़ा।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद हटा जिला दमोह**

क्र./स्टोर/निविदा/2025/1577 — **निविदा आमंत्रण सूचना** — हटा दिनांक 31.12.2025

एतद द्वारा सर्व संबंधितो को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद हटा को निम्नलिखित सामग्री की आवश्यकता है, इस हेतु लमसम दर के आधार पर आनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है । इच्छुक निविदाकार निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देख सकते है ।

| क्रं | टेंडर कं. जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_472244_1 01-01-2026 | 1 नग हाईड्रोलिक काऊकैचर क्रय (दिये गये स्पेशिफिकेशन अनुसार) | 1-15 दिवस 2-8.50 लाख | 1-2000.00 2-8500.00 | 17/01/2026 |
| 2 | 2025_UAD_472245_1 01-01-2026 | 30 नग हाथ कचरा गाड़ी क्रय (दिये गये स्पेशिफिकेशन अनुसार) | 1-15 दिवस 2-2.15 लाख | 1-2000.00 2-2200.00 | 17/01/2026 |

नोट :- निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की बेवसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा ।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद हटा जिला दमोह**